जयपुर

# माहेश्वरी पत्रिका

वर्ष 16 ■ अंक 05 ■ अक्टूबर 2025 ■ मूल्य 10 रु.

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की प्रस्तुति

## दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव

रविवार, 26 अक्टूबर, 2025

mps, Tilak Nagar





माहेश्वरी
चाय
स्थापित-1961
64 वर्षों से आपके विश्वास पर खरी...
माहेश्वरी चाय
आपके कप की चाय
रिश्तों में बढ़ाये और भी मिठास
माहेश्वरी चाय के साथ
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं
CTC DUST
दानेदार चाय
आसाम के बागानों की चुनिंदा चाय
माहेश्वरी टी कम्पनी प्रा. लि., जयपुर (राज.) फोन : 0141 - 2740919, 2312723
contact@maheshwaritea.com www.maheshwaritea.com
www.instagram.com/maheshwari_chai www.facebook.com/maheshwaritea

वर्ष 16 | अंक 5 | अक्टूबर, 2025
RNI NO. RAJBIL/2010/36984

2621644
2623500
2621100

जयपुर
# माहेश्वरी पत्रिका
JAIPUR MAHESHWARI PATRIKA
प्रशासनिक कार्यालय : तृतीय तल, एम.पी.एस. इंटरनेशनल स्कूल, तिलक नगर, जयपुर-04
पंजीकृत कार्यालय : श्री माहेश्वरी भवन, सिंघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर-03
Email : shrimaheshwarisamaj.jaipur@gmail.com
jmpatrika@gmail.com
Website : www.maheshwarisamajjaipur.com

**परामर्श मंडल**
देवेन्द्र झंवर
चन्द्रमोहन शारदा
श्रीकिशन अजमेरा
नारायण लाल परतानी
बिट्ठल चौधरी
रमेश मूंदड़ा ( पूर्व पार्षद )
विमल लढ्ढा
संजय कचोलिया
अखिल माहेश्वरी ( शकुन ग्रुप )

**सह-संपादक**
राजेन्द्र मूंधड़ा
बालकृष्ण जाजू 'बालक'
महेश मालपानी ( हरमाड़ा )
डॉ. सुनीता पेड़ीवाल
श्रुति लाहोटी

**संपादकीय टीम**
अरुण मंत्री
हेम प्रकाश बाहेती
कमल पेड़ीवाल
पुरुषोत्तम लढ्ढा
मंजू मंत्री
सुमन साबू ( मुरलीपुरा )
मितेश चितलांग्या
पुरुषोत्तम काबरा
नरेश झंवर

**विज्ञापन संयोजक**
रामकृष्ण बागला

**विज्ञापन सहसंयोजक**
महेश परवाल (MTC)
श्रीकिशन मालपानी
कमल किशोर मंत्री
अनिल नोवाल
अशोक लढ्ढा
रेखा बिड़ला
नीलेश भूतड़ा

**विज्ञापन संकलन टीम**
दामोदर अटल
भगवान जाजू
शिव मूंदड़ा
राकेश झंवर ( बंबाला )
लक्ष्मीकांत बांगड़
रघुनन्दन राठी
सुभाष भारती खटोड़
विमल राठी
आलोक लढ्ढा



**विजय सारड़ा**
प्रचार मंत्री
98281-12198



**मोहन तोषनीवाल**
प्रधान संपादक
98290-67553



**मधु भूतड़ा 'अक्षरा'**
संपादक
98281-53965



**प्रिंसा बांगड़**
संयोजक
99115-00431

## संपादकीय

## हमारी आवाज है - समाज की स्मृति, संस्कृति और संकल्प के संग हर आयु, हर वर्ग एवं हर मन का सजीव दस्तावेज।

जब यह पत्रिका प्रकाशित होकर हमारे हाथों में आती है, तो केवल समाज बंधु पन्ने ही नहीं पलटते, अपितु अपने समाज की जीवंत गतिविधियाँ, रचनात्मक ऊर्जा और सांस्कृतिक कार्यों द्वारा समाज का तेजोमय स्वरूप देख कर गौरव बोध भी करते हैं। प्रत्येक सूचना, लेख, रचनाएँ, समाचार, उपलब्धियों में भावनात्मक एवं संवेदनशील झलक होती है, वहीं दूसरी ओर विज्ञापन के द्वारा व्यावसायिक चमक बढ़ती है। पत्रिका के माध्यम से ही अपने समाज की प्रगति, विकास, एकता और विचारों की विविधता को पहचानते हैं एवं उन्नति की ओर उन्मुख होने का और अधिक प्रयास करते हैं।

अभी कार्तिक का पावन मास है- आस्था, परंपरा और अलौकिक पर्वों का उत्सव।

आश्चर्य की बात यह है कि केवल 29 दिनों के इस हिंदी महीने में लगभग 18 पर्व-त्यौहार मनाए जाते हैं, इसे भारतीय संस्कृति का सर्वश्रेष्ठ मास माना जाता है।

कार्तिक मास की शुरुआत शरद पूर्णिमा के बाद होती है और इसमें विशेष रूप से करवाचौथ, अहोई अष्टमी, नरक चतुर्दशी, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज, देव उठनी एकादशी और तुलसी विवाह जैसे उत्सव शामिल हैं।

प्रभु विष्णु, भगवान शिव, और माँ लक्ष्मी की आराधना से जुड़े हुए इस मास में गंगा स्नान, दीपदान, तुलसी पूजन और कथा श्रवण जैसे धार्मिक अनुष्ठानों का विशेष महत्व है।इसे पुण्य मास की संज्ञा दी गई है, जिसमें किया गया हर शुभ कार्य कई गुना फलदायी माना गया है।

श्रद्धा, सेवा, पूजा और विनत भाव ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। आप सभी प्रत्येक त्यौहार आनंदपूर्वक सपरिवार मनाएं, यही मंगलकामना है।

### इक छोटी सी झलक... इस बार पत्रिका में क्या है खास!

पत्रिका में समाज अध्यक्ष के 'मन की बात', महामंत्री जी के सामाजिक सुविचार एवं सार्थक संदेश, वरिष्ठ लेखक श्री रमेश चंद्र जी माहेश्वरी के 'आत्मचिंतन की दीपावली' लेख के साथ सुप्रसिद्ध कवयित्री विनीता 'निर्झर' जी का मौलिक काव्य आकर्षित करता है, श्री महिला परिषद् द्वारा 'करवा चौथ' के शानदार कार्यक्रम विवरण संग समाज बंधुओं की सुंदर दाम्पत्य छवियाँ लुभाती हैं, क्रिएटिव कॉर्नर में बच्चों का हुनर दिखाई देता है, वहीं काबिलियत रखने वाले कलाकारों एवं क्विज में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की न्यूज, उपलब्धियाँ तथा युवा पीढ़ी द्वारा आयोजित डांडिया-रास जोश व संस्कृति का नव किस्सा सृजित करता है। समाज के विभिन्न इकाइयों की पारदर्शिता से जानकारी एवं शिक्षा आधार स्तंभ का सुचारु संचालन एवं गतिविधियाँ समाज की समृद्ध विरासत को दर्शाता है, इत्यादि...!!

कुल मिलाकर इस माह की पत्रिका वह निर्मित पैकेज है, जिससे हर पाठक वर्ग संतुष्ट हो पाएगा, आप भी पढ़कर अपनी राय अवश्य साझा कीजिए।

मधु भूतड़ा 'अक्षरा'


भूल जाइये पुरानी समस्त तकनीकों को अब घुटना प्रत्यारोपण कराये
AI (Artificial Intelligence) & AR (Augmented Reality) तकनीक द्वारा
Robotic AI और AR तकनीक के फायदे
रोबोटिक तकनीक से नी रिप्लेसमेन्ट सर्जरी
सबसे उन्नत और सटीक
जटिलताओं का जोखिम कम
बेहतर परिणाम
पहले से और भी सुरक्षित
MISSO Planner
Robotic Arm
PARTANI CLINIC
डॉ. अरुण परतानी
एडिशनल डायरेक्टर
ऑर्थोपेडिक्स एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट
16 वर्षों का सफल अनुभव
DENTAL IMPLANTS
not only replace your teeth but improve your confidence and quality of life!
Quality Dental Care
☑ Dental Implants
☑ Teeth Whitening
☑ Root Canal
☑ Composite Filings
☑ Ceramic or
☑ Porclain Crowns
☑ And Many More......
डॉ. भारती परतानी
BDS, MDS
Prosthodontist & Implantologist
15 वर्षों का सफल अनुभव
किफ़ायती दरों में Dental सेवाएँ माहेश्वरी डाइग्नॉस्टिक सेंटर निर्माण नगर पर भी 9 am-12 pm तक उपलब्ध है।
175, Gali No. 7, Barkat Nagar, Tonk Phatak, Jaipur-302015
For Queries 9783788887, 8742067974, 9887302501

# मन की बात

देहरी पर मिट्टी के दीपक जलाएंगे
पकवानों की खुशबू से आँगन महकाएंगे
टिमटिमाती रोशनी में नई उम्मीद जगाएँगे
एक हैं हम, संगठित समाज बनाएंगे।

**प्रिय समाज बंधुओं,**

**सप्रेम अभिनन्दन,**

पंच दिवसीय महापर्व दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भैया दूज का सभी स्वजनों-आत्मीय जनों को राम-राम।

दीपों का यह पावन पर्व हम सभी के जीवन में नई रोशनी, नई ऊर्जा और नए संकल्प लेकर आता है। दीपावली हिंदुत्व का सबसे बड़ा सांस्कृतिक उत्सव है, अंधकार पर प्रकाश की, निराशा पर आशा की व पराजय पर विजय की दुंदुभि है।

इस अवसर पर मैं आप सभी समाज बंधुओं को हृदय से मंगलकामनाएं देता हूँ।

हमारा समाज एक परिवार की तरह है,जिसमें बच्चे, युवा, महिलाएं, बुजुर्ग हर वर्ग की अपनी अहम् भूमिका है। हम सब मिलकर एकता और भाईचारे के साथ समाज के हित हेतु पूर्ण जिम्मेदारी को निष्ठापूर्वक निभाएं।

हमारा उद्देश्य आर्थिक रूप से समृद्ध एवं स्वावलंबन समाज बनाना है और इसकी कीर्ति को इस धरा पर अंकित करना है, सच्चे अर्थों में वही वास्तविक त्यौहार है।

रिश्तों में प्रेम, स्नेह एवं समरसता बढ़े, समाज के स्तर से यही प्रयास किया जाता है।

युवा वर्ग समाज की ऊर्जा है, अपनी सशक्तभागीदारी से समाज के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें, साथ ही मैं महिलाओं एवं वरिष्ठजनों का भी सम्मानपूर्वक उल्लेख करता हूँ, जिनके अनुभव और मार्गदर्शन हमारे लिए सदैव अनमोल रहे हैं।

आइए, इस दीपावली हम सब यह संकल्प लें कि हम न केवल अपने घर को, बल्कि सहयोग, सेवा और संस्कार के दीप जलाकर अपने समाज को भी आलोकमान करें।

आप सभी से सादर निवेदन है कि 'दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव' आयोजन तिथि रविवार, दिनांक 26 अक्टूबर,2025 सायं 6:00 बजे सपरिवार पधार कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं।

**आपके शुभ आगमन से सजेगी भव्य शाम**
**प्रांगण समाज का बनेगा सुंदर गोवर्धन धाम।**

**सादर प्रणाम**



## उमेश सोनी

**अध्यक्ष**

अंधकार को प्रेम के
प्रकाश से मिटाएँगे,
विश्वास और सौहार्द के
घर-घर दीप जलाएँगे,
संघर्षों में भी मुस्कुराकर
एक नई भोर लाएँगे,
दीपावली को सिर्फ त्यौहार नहीं,
एक संस्कार बनाएँगे।


At 265 DEGREE CONSULTANTS,
we offer India's most structured, scientific approach to VASTU.
CALL FOR APPOINTMENT
+91-9782549090
+91-9929811117
Struggling with stress, slow growth, or bad vibes at home or work?
It could be your VASTU. Here's how we fix it — without breaking a single wall!
7 SIMPLE STEPS TO SET YOUR SPACE RIGHT:
1. Share your floor plan & Google location.
2. We do a 20+ point Vastu check
3. Suggest easy, practical fixes (no demolition!)
4. Guide you on interiors & colours
5. Use your birth details for personalized AstroVastu
6. Visit to install metal remedies & Manjusha Kalash
7. See the shift — in health, money, mood & energy
INSTAGRAM
@265degreeconsultants
WEBSITE
www.265degreeconsultants.com
PAN-INDIA
Online & On-Site Consultations Available
TRUSTED BY HOMEOWNERS, ENTREPRENEURS, BUILDERS, AND INDUSTRY LEADERS ACROSS INDIA.
No breaking walls.
No big changes.
Just smart Vastu corrections.
Send us your floor plan and we'll guide you from there!

# प्रेम-सद्भाव और भाईचारे से दूर करें समाज के तमस को

स्नेही स्वजन,
सादर नमस्कार,

### दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ और बधाइयाँ ॥

आइये हम सब मिलकर एक प्रण लेवें कि समाज में पसरी हुई कुरीतियों और विसंगतियों को आपसी प्रेम-सद्भाव-भाईचारे से दूर कर एक साथ आगे बढ़ेंगे। समाज में कोई भी पदाधिकारी चिरस्थायी नहीं है पर सभी अपने कार्यकाल में समाज को सर्वोत्तम देना चाहते हैं। हम चुन कर आये सभी प्रतिनिधि, मानद समाज सेवा देते हुए अपना तन-मन-धन और समय व्यय करते हैं और सिर्फ आप का स्नेह चाहते हैं।

सम्माननीय उमेश सोनी जी के युवा नेतृत्व में हम एक बेहतर कल की ओर अग्रसर हैं, जहाँ सभी समाज बंधु एक दूसरे को आगे बढ़ने में मदद करेंगे। फिर चाहे वो कार्यक्षेत्र सामाजिक हो, व्यापारिक हो, राजनैतिक हो, आध्यात्मिक हो, चिकित्सा का हो या कोई और.....हमारा स्पष्ट ध्येय है- **One for all, All for one.** मेरा आप सभी से, विशेषकर मातृ शक्ति और जोशीले युवाओं से आह्वान है कि आगे आयें और हमें आज के समयानुरूप सर्वहित में नवाचारों के लिये मार्गदर्शित करें।

मेरा पूरा विश्वास है कि - बात करने से बात बनती है, पर उसके लिए बात तो करनी ही होगी। सिर्फ सोशल मीडिया पर कभी सार्थक और बाकी निरर्थक प्रश्नों की झड़ी लगा देने से बात नहीं बनती। आप के मन में कोई भी जिज्ञासा है- सुझाव है तो आप ई-मेल के माध्यम से या समाज कार्यालय पधार कर अपनी बात रखें और संवाद कर हमें बेहतर विकल्प सुझायें तो उससे सभी समाजबंधु लाभान्वित होंगे।

आओ मिल दिये जलायें, जहां अभी अंधियारा है।

आपके सहयोग की अपेक्षा के साथ,
आपका अपना,

सीए. रोहित माहेश्वरी ( परवाल )

msjmahamantri@gmail.com



सीए. रोहित माहेश्वरी (परवाल)
महामंत्री

QR for suggestions

आपके सुझाव सादर आमंत्रित हैं

खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम

खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम

खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम

खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम



## आइए और खरीदिए बजाय खर्चीले फार्म हाउस के एक ऐसा फार्म हाउस जो आपको फार्म हाउस के आनंद के साथ साथ कमाई भी देगा, अर्थात वो आपका इनकम हाउस भी होगा। विश्वास नहीं हो रहा हो तो अन्य उपलब्ध जगहों/प्रोपर्टीज से तुलना या मिलान करके देखिए।

हमारे पास लगभग 100 बीघा के करीब भूमि उपलब्ध हैं जिसमें हम ऐसे कुल 7 फार्महाउस ही बनाएंगे बाकी जमीन मे बैडमिंटन एवं वोलीबाल जैसे खेलों के लिए एक-एक कोर्ट बनाए जावेंगे। साथ ही बच्चों के लिए झूले और फिसलपट्टी जैसी चीजें भी बनाई जावेंगी। ये सुविधाएं फार्महाउस के मालिकों, जिन्हें हम आगे से परिसर वासी शब्द से संबोधित करेंगे एवं उनके मेहमानों के साथ-साथ वहां खरीदी करने आने वालों के लिए भी मुफ्त रहेंगीं।

इस पूरे परिसर मे प्रवेश के लिए मुख्य द्वार पर सिक्योरिटी चैकिंग की पूर्ण व्यवस्था रहेगी।

साथ ही यहां हम एक Wellness Center भी खोलेंगे जहां प्राकृतिक उपचार की विधियों के साथ-साथ जनरल और साधारण बीमारियों के निदान के लिए योग्य आयुर्वेदिक वैद्य और योग सिखाने वाले निदेशक की भी नियुक्ति की जावेगी। यहां गंभीर बीमारियों का इलाज नहीं किया जावेगा लेकिन हम हमारी नित्यप्रति की दिनचर्या मे कैसे छोटे-छोटे बदलवा लाकर हमेशा स्वस्थ बने रह सकते हैं, यह सिखाया जावेगा। इस सबकी और विस्तृत चर्चा भी की जावेगी। इस सुविधा के उपयोग के लिए चार्ज लिया जावेगा, जिसमें परिसर वासियों को कुछ रियायत रहेगी बाकी अन्य आगंतुकों से पूरा चार्ज लिया जावेगा।

स्वस्थ रहने के लिए स्वस्थ खान पान संबंधित चीजों की भी आवश्यकता होती है। खान-पान संबंधित शुद्ध चीजों मे सभी तरह के आटे, बेसन, सभी तरह के तेल, सभी तरह के पिसे हुए मसाले, शुद्ध गुड़ इत्यादि चीजों को उपलब्ध करवाने हेतु भी इसी परिसर मे इकाइयां लगाईं जावेगी जो कि Second Phase का काम है।

उपरोक्त के साथ ही बिना केमीकल की अर्थात् ओर्गेनिक सब्जियों की भी आवश्यकता होती है, उस हेतु भी पास की और जमीन लेकर हमारी पूर्ण निगरानी मे उनका उत्पादन करवाया जावेगा। उपर्युक्त वर्णित सभी वस्तुओं का उपयोग उचित भुगतान के पश्चात् परिसर वासियो के अलावा अन्य लोग भी कर सकेंगे।

परिसर मे पैदा होने वाले ओर्गेनिक फलों की बिक्री के लिए भी एक साझा सिस्टम तैयार किया जावेगा ताकि आपको अपनी फसलों को बेचने बाहर न जाना पडे बल्कि खरीददार स्वयं आकर यहीं से ले जावे और आपको भुगतान भी यहीं प्राप्त हो जावे ऐसी व्यवस्था बनाई जावेगी।

इस प्रकार परिसर वासियों के लिए व्यापार के अवसर भी उपलब्ध होगें। जो भी परिसर वासी इच्छुक होगा उसे ही वरीयता दी जावेगी अन्यथा यह केवल हमारे क्षेत्राधिकार में ही होगी। बाहरी व्यक्तियों को यहां कोई भी व्यापारिक इकाई लगाने की स्वीकृति नहीं दी जावेगी।

जल्द ही इन समस्त बातों को समायोजित करते हुए एक **3D Walk Through Video** भी तैयार करवाया जा रहा है जिसे आप हमारे आफिस/परिसर मे देख पाएंगे।

प्रोपर्टी का पजेशन और टाइटल (वर्णित तरीके से प्रोपर्टी संपूर्ण तैयार हो जाने के बाद और संपूर्ण भुगतान प्राप्त हो जाने के बाद) शुरू से ही और आगे भी हमेशा आपके नाम पर ही रहेगा।

* Agro tourism is now a days growing business.

मात्र ₹ 7.25 करोड़ (सवा सात करोड़) रुपए में इतना सब कुछ खरीदने के लिए बुक करें।

**संपर्क करें**

**प्रेम चन्द मोदानी : +91- 9145866221**

खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम

खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम

खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम

खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम

खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम

खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम

खाओ आम ही आम और वसूलो गुठलियों के भी दाम

# श्री माहेश्वरी महिला परिषद्, जयपुर

( अन्तर्गत श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर )



स्नेहलता साबू
अध्यक्ष
श्री माहेश्वरी महिला परिषद्



ज्योति हुरकट
सचिव
श्री माहेश्वरी महिला परिषद्

जय श्री कृष्ण,

श्री माहेश्वरी महिला परिषद् द्वारा आयोजित प्रथम चंद्र पूजन उत्सव आप सभी समाज बंधुओं के आशीर्वाद से हर्षपूर्वक संपन्न हुआ, आपकी गरिमामय उपस्थिति ने इस कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। महिला परिषद् समाज की परंपरा, एकता, अखंडता और रीति-रिवाज के लिए प्रतिबद्ध है।

इस बार ज्यादा से ज्यादा विविध नवीन कार्यक्रमों द्वारा समाज में हर वर्ग के लोगों को जोड़ने के लिए हम कार्यरत रहेंगे। सांस्कृतिक मूल्यों के साथ-साथ पारस्परिक प्रेम, शैक्षणिक गुणवत्ता, आध्यात्मिकता को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत रहेंगे।

इस दीपावली, आइए हम अज्ञान के अंधकार को मिटाकर आत्म-प्रकाश का अनुभव करें और जीवन में सच्चा आनंद प्राप्त करें। आप सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।

# श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल, जयपुर

( अन्तर्गत श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर )

**प्रिय समाज बंधुओं एवं नवयुवक साथियों,**

दीपों का यह पावन पर्व अंधकार पर प्रकाश, निराशा पर आशा और नकारात्मकता पर सकारात्मकता की विजय का प्रतीक है। माहेश्वरी समाज सदैव एकता, संस्कृति और सेवा की भावना से प्रेरित रहा है।

हाल ही में आयोजित भव्य डांडिया महोत्सव में जिस तरह समाजबंधुओं ने उत्साह और सहयोग के साथ सहभागिता की- वह हमारे संगठन की एकता और समर्पण की मिसाल है। इस सफल आयोजन में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी सदस्यों, मातृशक्ति एवं युवाओं का हृदय से आभार।

इस दीपोत्सव पर हम सभी संकल्प लें कि समाज में प्रेम, सहयोग और प्रगति के दीप निरंतर प्रज्वलित रखें।

ईश्वर से प्रार्थना है कि यह दीपावली आप सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और नई ऊर्जा लेकर आए।

दीपावली एवं भाईदूज की हार्दिक शुभकामनाएँ।



सीए. अखिल भाला
अध्यक्ष



सीए. प्रवीण परवाल
सचिव

IIHMR UNIVERSITY
JAIPUR

# Admission Open 2026

Healthcare has become one of the largest and fastest-growing sectors of the Indian economy in terms of both revenue and employment, creating immense potential for young individuals to explore new career paths.

Our programs are dynamically responding to the evolving global landscape. Students are equipped with the most sought-after critical skills for decision-making including leadership, management, data-science, and tech skills.

### Programmes Offered

## MBA Programs

(*Two-year full-time programs*)

**MBA (Hospital and Health Management)**
Specializations are available in
- Hospital Management
- Health Management

**MBA (Pharmaceutical Management)**

**MBA (Healthcare Analytics)**

For Admission Scan this QR Code
APPLY NOW

## MPH Programs

(*Two-year full-time programs*)

**Master of Public Health**
**Specialization is available in**
- **Implementation Science**

**Master of Public Health**
(Offered by John Hopkins Bloomberg School of Public Health, USA in cooperation with IIHMR University)

**#1**
Healthcare Management University in India by Education World 2025

**40+ Years**
Legacy in Health Management Research

**₹ 35.6 LPA**
Highest Package



To know more about admissions

+91-9145989952, +91-9358893199, +91-9358893198, +91-9358821088, +91-9001919777

admissions@iihmr.edu.in www.iihmr.edu.in 1, Prabhu Dayal Marg, Sanganer Airport, Jaipur-302029, Rajasthan, India



# प्रकाश के उत्सव का पर्व दीपोत्सव

## दीप जलें मन के भीतर भी... आत्मचिंतन की दीपावली।

श्राद्ध पक्ष के बीतते ही, नवरात्रों का आगमन और उसके बाद क्रमशः धनतेरस, नरक चौदस, दीपावली, अन्नकूट, भैया दूज के त्योहारों की श्रृंखला ही पंच पर्व के रूप में जानी जाती है। पौराणिक आख्यान के अनुसार भगवान श्री राम जी के 14 वर्ष वनवास की अवधि पूर्ण होने के बाद पुनः अयोध्या आगमन पर नगर वासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दीप जलाकर भगवान राम, माँ जानकी, भ्राता लक्ष्मण का स्वागत सत्कार किया। तब ही से उस प्रसन्नता के क्षणों को जीवन्त रखने के लिए दीपावली का त्यौहार मनाया जाता है।

अन्य आख्यान के अनुसार, इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने नरकासुर राक्षस का वध करके हजारों स्त्रियों को उसकी कैद से मुक्त किया था।

मान्यता है कि दीपावली के दिन सुख वैभव की देवी माँ लक्ष्मी इस दिन धरती पर पधार कर अपने भक्तों को धन-धान्य से निहाल करती हैं।

माँ लक्ष्मी को रिझाने के लिए दीप प्रज्ज्वलित किये जाने की परम्परा है।

उपरोक्त सभी मान्यताएँ/कारण इस पवित्र पर्व की भव्यता को दर्शाते हैं।

अमावस्या का घोर अंधकार झिलमिलाते दियों के प्रकाश में विलुप्त प्रायः हो जाता है।

चहुँ ओर विभिन्न प्रकार की रंगबिरंगे झालरों का प्रकाश और मुख्य द्वार पर सजी हुई रंगोली सहज ही प्रत्येक मन को आकर्षित कर मानसिक आनंद प्रदान करता है।

आइए, पंच पर्व की उपादेयता और विशेषता पर भी कुछ बात की जाए....



### धनतेरस

धनतेरस यानि पंच पर्व का प्रारंभ। धनतेरस की मान्यता है कि इस दिन चाँदी से बनी हुई चीजें यथा... बर्तन, मूर्ति, सिक्के खरीदना शुभ माना जाता है तथा दीपावली वाले दिन इनकी पूजा का भी विधान है। धनतेरस के दिन बाजारों में खरीदारों का मेला लगा रहता है, दुकानदार भी इसके लिए पहले से व्यवस्था बना कर रखते हैं। अपनी अपनी सामर्थ्यानुसार सामान्य जन नवीन बर्तन आदि खरीद कर पंच पर्व की शुरुआत करते हैं।ऐसा करना शुभ माना जाता है।

### नरक चौदस

नरक चौदस के दिन अहोई अष्टमी के दिन पूजा स्थल पर रखे करवे के जल से स्नान करना शुभ माना जाता है तथा इस दिन यम देव के प्रति चौमुखा दीपक जलाएँ जाने की परम्परा है। मान्यता के अनुसार ऐसा करने से जीव यम की त्रास से मुक्त रहता है। हमारे सभी त्यौहार के पीछे कोई न कोई विशेष कारण अवश्य रहता है। उसी आधार पर एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक इनका निर्वाह होता है, किन्तु विगत कुछ समय से नव पीढ़ी इन परम्पराओं से तर्क के आधार पर दूरी बनाती जा रही है, जिसके पीछे कारण कुछ भी हो। नरक चौदस को ही रूप चौदस और छोटी दिवाली भी कहा जाता है और उस दिन सायंकाल को सांकेतिक रूप से अल्प संख्या में दीप प्रज्ज्वलित किया जाना शुभ माना जाता है।

### दीपावली

पंच पर्व का मुख्य पर्व दीपावली है। अमावस्या की स्याह रात्रि में चहुँ ओर दीपकों का प्रकाश और शुभ मुहूर्त में श्री गणेश, लक्ष्मी और कुबेर जी की पूजा की जाती है। व्यापारी वर्ग बही, बसना आदि का पूजन भी इस दौरान करते हैं। मान्यता है कि प्रदोष काल, स्थिर लग्न मूहूर्त में की गई पूजा अधिक महत्व रखती है। मंत्र सिद्ध करने के लिए दीपावली की रात्रि का सिंह लग्न विशेष फलदायी माना जाता है। जगह-जगह पटाखों की आवाज वातावरण को देर रात तक गुंजायमान करती रहती है।

### गोवर्धन पूजा ( अन्नकूट )

पंच पर्व के अंतर्गत अन्नकूट का पर्व बहुत उत्साह से सर्वत्र मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन भगवान् श्री कृष्ण जी ने इंद्र के प्रकोप से बचाने हेतु एक अंगुली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर ब्रजवासियों की अतिवृष्टि से रक्षा की थी साथ ही इंद्र देव के अहंकार का दमन किया।

मन्दिरों मे भगवान् श्री कृष्ण को 56 प्रकार का भोग लगाकर श्रद्धालु जन अन्नकूट का पर्व भक्तिभाव से मनाते हैं।




Corp Office: Kolors India Private Limited, Mumbai - 053

Toll-free: 1800 221 470 | E: sales@kolorsworld.com | Follow us on :

**MAHESHWARI ELECTRICALS**

G-71-72, Agrasen Tower, Back Side of PNB Bank, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur -302039

M: +91 93524 79947

## भाई दूज



भाई बहन के अटूट प्रेम का पर्व है भाई दूज।

मान्यता यह है कि बहन इस दिन अपने भाई को मांगलिक टीका कर भाई और परिवार के लिए मंगलकामनाएँ करती हैं। देखा जाए तो यह पर्व भाई बहन के अटूट प्रेम की याद दिलाता है। संसार में मां-बाप, भाई-बहन जैसे रिश्ते से बढ़कर कुछ नहीं होता।

किंतु आज के सन्दर्भ में इन रिश्तों में कहीं-कहीं कड़वाहट देखने को मिलती है। स्वार्थ पूर्ण प्रेम, और अहं का भाव इन रिश्तों में बाधक बन रहा है। **घटती जनसंख्या, विशेष रूप से हमारे माहेश्वरी समाज में दिन-ब-दिन चिंता का विषय बन रही है। भाई और बहन ही नहीं होंगे तो भाईदूज और रक्षा बंधन अर्थहीन होने के कगार पर है। समाज जनों को इस ओर चिंतन कर सुधार की ओर मनन करने की आवश्यकता है।**

दीपावली आगमन से पूर्व नगर, गांव निवासी सभी अपने-अपने घर द्वार सजाने में, कूड़ा-कचरा साफ करने में व्यस्त हो जाते हैं। प्रकृति भी परिवर्तन की ओर अग्रसर रहती है। ताप की विदाई और हल्की ठंडक अंगड़ाई लेने लगती है, ऋतु परिवर्तन भी मानों दीपावली का स्वागत करने को आतुर प्रतीत होता है।

कहते हैं कि माँ लक्ष्मी का आगमन वहीं होता है, जहाँ स्वच्छता हो, प्रकाश हो। देखा जाए तो दीपावली के बहाने वर्ष भर में एक सुअवसर मिलता है, घर के रख-रखाव और स्वच्छता अपनाने के लिए। ऐसे भी गन्दगी हमारे स्वास्थ्य और मानसिकता पर कुप्रभाव डालती है। विभिन्न बीमारियों का कारण गन्दगी है, यह वैज्ञानिक सत्य है।

साफ, सफाई का अध्याय दीपावली जैसे पर्व से खुद ब खुद जुड़ जाता है।

त्यौहार हमारे जीवन में समरसता का भाव उत्पन्न करने के बड़े कारक हैं। एक दूसरे से मिलना, जुलना, खुशियों को सांझा करने के काम त्यौहारों के बदौलत ही हो पाता है। आज के दौर में प्रायः सभी की दिनचर्या इतनी व्यस्त है कि खुशी, आल्हाद के क्षण ढूँढे जाना, असंभव नहीं तो मुश्किल अवश्य है। परिणामतः एकाकीपन और मानसिक अवसाद जैसी बीमारियों का प्रतिशत बढ़ता जा रहा है। केवल और केवल त्यौहार ही ऐसा माध्यम है, जिनके जरिए हम आपसी प्रेम व्यवहार और हँसी-खुशी को सांझा कर पाते हैं।

दीपावली के अवसर पर पटाखों का प्रदर्शन खूब बढ-चढ़ कर किया जाता है। यह प्रदर्शन भी अपनी खुशी जाहिर करने का अंग हो सकता है। विशेष कर, बच्चे और युवा पीढ़ी पटाखे चलाने में आनंद का अनुभव करते हैं।

खुशी जाहिर कीजिए, पटाखे चलाइए,
उत्सव है सनातन का, खुशियां मनाइए।

त्यौहारों का अर्थ है सर्व समाज की खुशी और आनंद, बेहतर होगा कि हम किसी भी कुटेव के चंगुल में न फँसकर अपने परिवार और समाज के साथ हँसी-खुशी त्यौहारों का आनंद लें तथा अपनी आगे आने वाली पीढ़ियों के लिए एक आदर्श के रूप में स्वयं को प्रस्तुत करें।

दीपावली प्रकाश का पर्व है, आइए हम सब का जीवन प्रकाश से आलोकित हो, ईश्वर करे इस धरा से अज्ञानता का अंधकार दूर हो और प्रत्येक जीवन में ज्ञान का प्रकाश हो, जिससे चहुँ दिशा आलोकित हों।

सुख, समृद्धि आपके कदम चूमें, मंगल भावना के साथ आप सभी को दीप पर्व संग पंच पर्व की शुभकामनाएं।

और अंत में प्रसिद्ध कवि श्री गोपाल दास नीरज जी की सार्थक पंक्तियाँ...

जलाओ दिये, पर रहे ध्यान इतना,
अंधेरा धरा पर कहीं रह न जाए।



■ रमेश माहेश्वरी राजहंस

## नया सवेरा, नई उम्मीद



सूरज की पहली किरण, नया सवेरा लाती है।
कुछ कर गुजरने की, नई उम्मीद जगाती है।
ना डरना है, ना है घबराना, बस आगे बढ़ते जाना
कदम जब डगमगाए, कभी ना घबराना
क्यों चुप बैठे हो, मुश्किलों से हार ना मानो।
जीवन की राह में आशाएं, नई उम्मीद जगाती हैं।
सूरज की पहली किरण, नया सवेरा लाती है।
हर कदम पर मिले चुनौतियां,
गले हंसते-हंसते लगाना।
छू लेना है आसमान को, बस आगे बढ़ते जाना
जोश, उत्साह से भरा दिन, नई उम्मीद जगाती है।
सूरज की पहली किरण, नया सवेरा लाती है।
हौसलों को जब नया विश्वास मिल जाएगा।
हर सवेरा हर दिन उमंग से भर जाएगा।
फैलाओं पंख सपनों के, उम्मीदें जिंदा हो जाएंगी
सफलता से चेहरों पर खुशियाँ चमक आएगी
जब पसीने से बने हौसलों के महल, किस्मत चमक जाती
कुछ कर गुजरने की, नई उम्मीद जगाती है।
सूरज की पहली किरण, नया सवेरा लाती है।

– रेखा मालानी



॥श्री महेश्वराय नमः॥
आलोक झँवर
सुपौत्र स्व. श्री कन्हैया लाल जी झँवर ( घी वाले )
सुपुत्र श्री नवल किशोर झँवर
व्यवसाय : रत्न व्यवसायी एवं वास्तु सलाहकार
म.नं. 8, शिव मार्ग, राजभवन के पीछे,
सिविल लाईन्स, जयपुर
0141-4003155 (O) मो. : 9829068442

ॐ ASTRO-KNOWLEDGE ॐ
ज्योतिष आचार्या
सीमा लोहिया

समय:
सुबह: 11am to 1 pm
शाम: 5 pm to 7:30 pm
• हस्तरेखा विश्लेषण
• वास्तु परामर्श
• कुंडली विश्लेषण
• व्यापारिक समाधान
• वैवाहिक परामर्श
• कुंडली मिलान
• कैरियर समाधान
• स्पिरिचुअल हीलिंग
• न्यायिक परामर्श
• लव/अरेंज मैरिज
• संतति परामर्श
C-23, Bhagat Singh Marg, Tilak Nagar, Jaipur - 302004
8949268569
@astroknowledge.seema


ATHENA BANQUET
Collaboration
Birthday Party
Wedding
Engagement
Conference
Business Meetings
ANGEL RESORT
Managed by
Orange Hospitality
आपके खास दिन को और भी
खास बनाने का वादा!
WATER PARK
LUXURY ROOMS
FACILITIES
ATHENA BANQUET
• 15 एकड़ में फैला यह लॉन अविस्मरणीय समारोहों के लिए
एक अद्भुत स्थान प्रदान करता है।
• शानदार सुविधाएँ: 63सुसज्जित कमरे, निजी डेक क्षेत्र
और स्विमिंग पूल के साथ।
• आकर्षक बैंक्विट हॉल: 500 लोगों की क्षमता के साथ, हर आयोजन
के लिए उपयुक्त साथ ही, 1000 मेहमानों के लिए भव्य हॉल भी उपलब्ध।
Contact Us:
Athena Banquet Jaipur
athenabyangelresort
Eden Garden, 20th Milestone, Rajawas,
Highway, Jaipur, Rajasthan 302013
7340019741 / 9119155556




**दीपक-प्रतीक है प्रकाश का, आलोक का।**
**ज्योति-प्रतीक है उर्ध्वगामी आत्मा का।**

**सभी** धर्मों ने विशेष प्रतीकों और त्यौहारों को निर्मित किया है- मानव जीवन को आनंदित और आलोकित करने की दिशा में सही मार्गदर्शन के हेतु। हमारे हिंदू धर्म में दीपावली का त्यौहार विशेष महत्वपूर्ण है।

ये प्रतीक है- अंधकार से प्रकाश की ओर यात्रा का।

पर बदलते समय के साथ ये त्यौहार सार्थक कम और औपचारिक ज्यादा बन गए हैं - क्या आपको भी ऐसा नहीं लगता ? हम सभी दीपावली के त्यौहार पर घरों की साफ सफाई, रंग रोगन करवा लेते हैं, घरों को सजा लेते हैं, मिठाई तोहफे बँटवा लेते हैं, आतिशबाजी भी हो जाती है, बहुत से दीपक जला लेते हैं- और हमारी दीपावली पूरी हो जाती है। हर साल दीपावली का त्यौहार आकर चला जाता है और हम वैसे के वैसे ही बने रहते हैं।

क्या सच में - अंधकार से प्रकाश की ओर यात्रा हो पाती है .. ?

मनुष्य के मन में जो अहंकार, घृणा, लालच, क्रोध, वैमनस्य का तमस है - अंधेरा है - क्या वो मिट पाता है या कम हो पाता है ?

शायद नहीं - या ये कहना ज्यादा उपयुक्त होगा कि निश्चित ही नहीं।

कहीं हमारी यात्रा प्रकाश से अंधकार की ओर तो नहीं हो रही है.. जिसका प्रमाण है - निरंतर और अधिक अशांत और तनावपूर्ण होता जा रहा मनुष्य का मन और जीवन ? क्या आपको ऐसा नहीं लगता कि निरंतर बढ़ते सुख के साधनों के बावजूद - मनुष्य के जीवन से सहज आनंद और नैसर्गिक स्वास्थ्य कम होता जा रहा है ?

दीपावली के पर्व पर सभी लोग दीपक तो बहुत जलाते हैं पर शायद गौर से कभी भी दीपक को देखते ही नहीं। दीपक की ज्योति में जो परम संदेश छुपा है उसे कभी समझने का प्रयास करते ही नहीं। सब ओर से मन को हटाकर थोड़ी देर दीपक की ज्योति को ध्यान से देखें और कल्पना करें - कि ऐसे ही हमारे भीतर नाभि के पास .. हमारी अपनी आत्मा की ज्योति भी इसी तरह प्रकाशित हो रही है और ऊपर की ओर बढ़ रही है। कुछ दिनों के सच्चे प्रयास से ही आप चकित हो जायेंगे और पायेंगे कि आपके भीतर भी कुछ आलोकित होने लगा।

ये अंतस की - आत्मा की - निर्धूम ज्योति ही भीतर के मन के अंधकार को मिटाने में सहयोगी हो सकती है। और सच में - अंधकार से प्रकाश की ओर यात्रा हो - तो दीपावली सही मायने में सार्थक हो सकती है। आप सभी को दीपावली की बहुत-बहुत हार्दिक शुभकामनायें-

इस दीवाली पर जरा सोचें और संकल्प करें कि -

- घर आंगन उजियारा है तो, मन आंगन अंधियारा क्यूँ हो -

आइये हम सब मिलकर .. दीपावली इस तरह मनायें -

- : : प्रिय .. ऐसा कोई दीप जलायें : : -

आओ इस दीवाली पर प्रिय.. ऐसा कोई दीप जलायें
घी के मोम के दीपक हमने - जाने कितनी बार जलाये
लेकिन इन दीयों की ज्योति - से ना हमारे दिल खिल पाये
घृणा, क्रोध और वैमनस्य के धुएं से कोमल दिल कुम्हलाये ..।।

अहंकार का तमस दूर करने को कोई ज्योति जलायें
प्रेम सुधा भर दे हृदयों में -ऐसा कोई फूल खिलायें
झूम उठे मन नाच उठे तन -ऐसा कोई साज बजायें
पर्व खुशी का कर दे पुलकित.. सच में - ऐसा इसे मनायें ..।।

मिटे अंधेरा जीवन भर का - ऐसी राह पे हम चल पायें
झूठे ज्ञान का तमस हटे - ऐसा कोई प्रकाश फैलायें ..
सदा रहे दीवाली उर में - ऐसी कोई समझ जगायें ..
आलोकित कर दे जीवन को - ऐसी अंतर्ज्योति जलायें ..।।

आओ .. इस दीवाली पर - प्रिय - ऐसा कोई दीप जलायें ..।।

■ प्रमोद मूंधड़ा



## इंद्र के दंभ का मर्दन
# महिमा गोवर्धन

मोर मुकुट वैजन्ती माला, जो देखे मन हारे।
हरने भार धरा का प्रकटे, कृष्ण बाँसुरी धारे।।
तोड़ पुरानी प्रथा जगत् को, दिखलाएँ उजियारे।
हरने भार धरा का प्रकटे, कृष्ण बाँसुरी धारे।।

नंदलाल गोपाल कहाए, माखन चोर मुरारी।
देख-देख कर नहीं अघाते, ग्वाल-बाल छवि प्यारी।।
शैशव काल अनोखा बीता, कई निशाचर मारे।
हरने भार धरा का प्रकटे, कृष्ण बाँसुरी धारे।।

भोले गोकुलवासी करते, इंद्रदेव की पूजा।
उनके लिए नहीं था कोई, बली इंद्र सम दूजा।।
यही धारणा इंद्रदेव ही, सबके काज सँवारे।
हरने भार धरा का प्रकटे, कृष्ण बाँसुरी धारे।।

जब देखा श्रीकृष्ण ने अहं, बहुत इंद्र पर छाया।
गर्व चूर करने का मन में, सहज भाव तब आया।।
सबको कर एकत्र कृष्ण ने, अद्भुत बैन उचारे।
हरने भार धरा का प्रकटे, कृष्ण बाँसुरी धारे।।

क्यों पूजें हम इंद्रदेव को, काम कहाँ वे आते।
गोवर्धन पर्वत है अपना, जहाँ शांति हम पाते।।
पशुओं को संरक्षण देता, कभी न फल दे खारे।
हरने भार धरा का प्रकटे, कृष्ण बाँसुरी धारे।।

बात कृष्ण की सबको भायी, जली ज्योति आभासी।
गोवर्धन पूजन को तत्पर, नंद संग ब्रजवासी।
फल मेवा मिष्ठान सजाकर, जय-जय श्याम पुकारे।
हरने भार धरा का प्रकटे, कृष्ण बाँसुरी धारे।

यह अपमान देखकर अपना, इंद्र क्रोध में आए।
मूसलधार मेह बरसाया, छप्पर धेनु बहाए।।
त्राहि- त्राहि चहुँ ओर मची थी, बंद सभी थे द्वारे।
हरने भार धरा का प्रकटे, कृष्ण बाँसुरी धारे।।

सीख इंद्र के हित देने को, केशव ने भी ठानी।
नहीं और चलने देंगे अब, इंद्र सुनो मनमानी।।
गोवर्धन चिट्ठी अँगुली पर, उठा श्याम दुख टारे।
हरने भार धरा का प्रकटे, कृष्ण बाँसुरी धारे।।

तोड़ रूढ़ियाँ नव विचार को, सभी सहज अपनाएँ।
अंधकार को चीर उजाला, चिंतन का फैलाएँ।।
लज्जित इंद्र श्याम चरणों में, गिरे स्वयं को डारे
हरने भार धरा का प्रकटे, कृष्ण बाँसुरी धारे।।

प्रकृति प्रेम का कृष्ण दे रहे, यह संदेश अनूठा।
पर्वत भूमि पालते सबको, उन्हें कहें क्यों झूठा।।
जो जीवन देते हैं उनको, प्राणी सहज उभारे।
हरने भार धरा का प्रकटे, कृष्ण बाँसुरी धारे।।

■ विनीता मालू 'निर्झर'

# आरोग्यम्

## A NATUROPATHY CENTER

(श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित)

6th Floor, C-1/1, जयसिंह हाइवे, बनीपार्क, जयपुर-16

प्रवेश तुलसी मार्ग गेट से



### सभी रोगों का प्राकृतिक तरीके से उपचार

मोटापा, मधुमेह, रक्तचाप, रक्ताल्पता, कब्ज, अपच, वायु विकार, आँव, एसिडिटी, जोड़ों का दर्द, आर्थराइटिस, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, सरवाईकल-लम्बर, स्पोंडिलाइटिस, साइटिका, पक्षाघात, अनिद्रा, मानसिक तनाव, माइग्रेन, जुकाम, सायनस, एलर्जी, अस्थमा, पीलिया, पथरी, मासिक धर्म रोग, श्वेत प्रदर, दुर्बलता आदि अनेक रोगों का उपचार किया जाता है।







### उपचार सुविधाएँ

- गर्म ठण्डा सेंक
- मिट्टी पट्टी
- सर्वांग मिट्टी लेप
- कटि स्नान
- रीढ़ स्नान
- गर्मपाद स्नान
- भाप स्नान
- आयुर्वेदिक सर्वांग मालिश
- एक्यूप्रेशर
- आहार चिकित्सा
- शुद्धिकरण क्रियाएँ- कुंजल, जलनेति
- फिजियोथैरेपी
- वैक्स बाथ
- चुम्बक चिकित्सा
- चादर लपेट

### उपचार दरें

| | |
|---|---|
| पंजीकरण (One Time) | ₹ 100 |
| परामर्श शुल्क (One Time) | ₹ 100 |
| दैनिक उपचार | ₹ 300 |
| साप्ताहिक उपचार | ₹ 1300 |
| पाक्षिक उपचार | ₹ 2,500 |
| मासिक उपचार | ₹ 4,500 |
| वार्षिक उपचार (12 आ. मालिश सहित) | ₹ 25,000 |
| आयुर्वेदिक सर्वांग मालिश + भाप स्नान | ₹ 400 +100 |
| सर्वांग मालिश + भाप स्नान | ₹ 400 +100 |
| फिजियोथैरेपी/वैक्स/एक्यूप्रेशर (प्रतिदिन) | ₹ 100 |
| फिजियोथैरेपी/वैक्स/एक्यूप्रेशर [ साप्ताहिक-6 दिन ] | ₹ 500 |

सम्पर्क करें : डॉ. शेखर शर्मा ( कन्सलटेन्ट )
योग नैचुरोपैथी एवं लाईफ स्टाईल

9680058890
9829058890

समय : प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक
(सोमवार का साप्ताहिक अवकाश)



# दीपोत्सव : सनातन का प्रकाश पुंज

दीपावली - झिलमिल दीपों की श्रृंखला से सुसज्जित भारतीय संस्कृति का वह उजास जो अंधकार से प्रकाश, अज्ञान से ज्ञान, और स्वार्थ से परमार्थ की ओर ले जाता है। यह पाँच दिवसीय महापर्व सनातन धर्म के जीवन दर्शन को पूर्ण रूप से अभिव्यक्त करता है। दीपावली हमारे समाज, हमारी परंपराओं और धर्मनिष्ठ जीवन का अद्भुत संगम है।

श्री माहेश्वरी समाज जैसे कर्मनिष्ठ, धार्मिक और व्यापारी समाज के लिए यह पर्व न केवल आध्यात्मिक प्रेरणा देता है, बल्कि नए आरंभ, नैतिक व्यवसाय और सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। जब हम अपने घरों में दीप जलाते हैं, तो वह केवल मिट्टी के दीपक नहीं होते, बल्कि हर हृदय में जागृत 'सद्भावना, सत्यनिष्ठा और संस्कारों' के प्रतीक होते हैं।

### पहला दिन : धनतेरस

यह दिन समृद्धि और स्वास्थ्य दोनों का प्रतीक है। भगवान धन्वंतरि के समुद्र मंथन से प्रकट होने की स्मृति में यह दिन आयुर्वेद और आरोग्य का प्रतीक माना गया है।इसी दिन धन की देवी लक्ष्मी और कुबेर की पूजा कर हम अपने कर्म से अर्जित धन को समाज और धर्म की सेवा में लगाने का संकल्प लेते हैं। श्री माहेश्वरी समाज का व्यापारी वर्ग इसी दिन से अपने नए लेखे-जोखे आरंभ करता है और इसे सदाचार की नई शुरुआत मानता है।

### दूसरा दिन : रूप चौदस

यह दिन आत्मशुद्धि और रूप-संस्कार का प्रतीक है।भगवान श्रीकृष्ण ने इसी दिन नरकासुर का संहार किया था- अर्थात् अहंकार, आलस्य और आसुरी प्रवृत्तियों पर विजय का दिवस।हम सबके लिए यह संदेश है कि जीवन में केवल बाहरी सौंदर्य नहीं, बल्कि अंतरात्मा की निर्मलता ही सच्चा रूप है।

### तीसरा दिन : दीपावली ( मुख्य रात्रि )

यह दिन जगमगाते दीपों का, आनंद और भक्तिका दिन है। भगवान श्रीराम के 14 वर्ष के वनवास के पश्चात अयोध्या आगमन की स्मृति में यह पर्व मनाया जाता है। प्रत्येक दीप हमारे अंत:करण में बसे रामत्व को जगाता है।

व्यवहार में यह दिन नए वर्ष की शुरुआत, व्यापारिक लेखा-पूजन, लक्ष्मी-गणेश पूजन और पारिवारिक सौहार्द का प्रतीक है।

श्री माहेश्वरी समाज के लिए यह दिन सत्कर्मों से अर्जित लक्ष्मी का सम्मान और धर्मयुक्त समृद्धि का संकल्प दिवस है।

### चौथा दिन : गोवर्धन पूजा ( अन्नकूट )

इस दिन हम प्रकृति, गोसेवा और अन्नदान का सम्मान करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने इसी दिन गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र के अहंकार का दमन किया था।

समाज के लिए यह पर्व सेवा और संरक्षण का संदेश देता है। जब हम अन्नकूट का प्रसाद बनाते और वितरित करते हैं, तो यह हमें सिखाता है कि समृद्धि का सच्चा अर्थ वितरण और सहअस्तित्व में है।

### पाँचवाँ दिन : भाई दूज ( यम द्वितीया )

यह दिन स्नेह, सुरक्षा और परिवारिक बंधन का प्रतीक है। बहनें अपने भाइयों की आरती उतारकर उनके दीर्घायु जीवन की कामना करती हैं।यह पर्व हमें सिखाता है कि संबंधों में विश्वास और सेवा भाव सबसे बड़ा धन है।

श्री माहेश्वरी समाज की संस्कृति में परिवार और संस्कार की जड़ें गहरी हैं, और भाई दूज उस पारिवारिक एकता का सजीव उदाहरण है।

समाज और सनातन दृष्टि से सार-

दीपावली का प्रत्येक दिवस यह सिखाता है कि 'धन तभी पवित्र है जब वह धर्म से जुड़ा हो, और जीवन तभी उज्ज्वल है जब वह सेवा से जुड़ा हो।'

सनातन धर्म में दीपक केवल रोशनी का नहीं, बल्कि आत्मा के आलोक का प्रतीक है- जो अंधकार से नहीं डरता, बल्कि उसे प्रकाशित कर देता है।

हमारे माहेश्वरी समाज के लिए दीपावली केवल व्यापारिक या पारिवारिक पर्व नहीं, बल्कि संस्कार, सेवा और स्वाभिमान का उत्सव है।

आइए, इस दीपोत्सव पर हम सभी संकल्प लें कि अपने ज्ञान, कर्म और आचरण के दीप से समाज में प्रकाश फैलाएँ- ताकि हर घर, हर हृदय, और हर जीवन में प्रेम, प्रगति और परोपकार का उजास फैल सके।

दीप जलाएं खुशियों के घर के बाहर-मन के भीतर
पाँच दिनों का यह त्यौहार सबसे प्यारा सबसे सुन्दर।



-केतकी काबरा

# परिवार और त्यौहार



कार्तिक मास आया निराला
जीवन में खुशियाँ भरने वाला

श्री कृष्ण ने की दामोदर लीला
यशोदा नंद लाल छैल छबीला

करवा चौथ का पावन त्यौहार
अखंड सुहाग आशीष अपार

धनतेरस पर धन बरसा कर
रूप चौदस को रूपनिखार कर

दीपावली पर सहस्र दीप जलाते
गहन अंधकार को सब दूर भगाते

गोवर्धन पूजा व अन्नकूट भोग
सुंदर लगता यह सब संयोग

भाईदूज पर मंगल टीका लगाते
परिवार संग दीपोत्सव मनाते

गोपाष्टमी पर करते गौ पूजा
सेवा गायों की भाव नहीं दूजा

गौ संवर्धन अटूट संकल्प भरते
अक्षय नवमी आंवला पूजन करते

पावन दिन एकादशी का आया
तुलसी शालीग्राम विवाह कराया

पंच तीर्थ में स्नान पूजा-अर्चना कर
कार्तिक पूर्णिमा को दीपदान सजाकर

मंगल गीत व घंटनाद सुनाता
मास कार्तिक यह बड़ा सुहाता

बस टीस मन में यह हो रही
परिवार विघटित नहीं सही

घर-आंगन में अब त्यौहारों पर
सूनापन चारों ओर है हर पहर

भावी पीढ़ी को महत्व हमें बताना
मिलजुल संग में रहना समझाना

धन्य सनातन संस्कृति न ही कोई अंत
रमे तपस्वी ऋषि- मुनि महिमा इसकी अनंत।

✦ डॉ. सविता कालिया

।। श्री महेश्वराय नमः।।

# "उत्सव"

## श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन

(अन्तर्गत : श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर)

पी–10, सेक्टर 2, विद्याधर नगर, जयपुर

फोन नं. 0141–2236743–44

Website: www.utsavjaipur.in | E-mail: utsavjaipur@yahoo.com

दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं



| यूनिट | विवरण | किराया राशि |
|---|---|---|
| | **ब्लॉक ए** | |
| I | भोजन व्यवस्था के लिये उपयुक्त लॉन 2 एसी विश्राम कक्ष एवं रसोई सहित | 27000/– |
| II | 1000 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी बैंक्वेट हॉल, फूडकोर्ट, 1 पूजा कक्ष, 1 एसी शयनकक्ष एवं रसोई सहित | 72000/– |
| III | एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष | 36000/– |
| IV | एसी मिनी हॉल, 17 एसी कमरे (58 स्थापित बैड), रसोई, भोजन कक्ष | 36000/– |
| | अतिरिक्त शयनकक्ष मेजेनाईन तल पर (डबल बैड 5 कमरे) | 800/– प्रति रूम |
| | प्रथम तल एवं द्वितीय तल पर ट्रांसिट रूम-2 (डॉरमिटॉरी 8 बैड) | 2500/– प्रति रूम |
| V | 1 सुईट, 4 सेमी सुइट रूम सहित अत्याधुनिक 22 कमरे, डाईनिंग हॉल, किचन, पार्लर रूम, पूजा रूम, लॉबी सहित | 36000/– |
| | **ब्लॉक बी** | |
| VI | 11 एसी कमरे (30 स्थापित बैड) व पूजा घर | 27000/– |
| | अतिरिक्त शयनकक्ष (डबल बैड 3 कमरे) | 800/– प्रति रूम |
| VII | 300 व्यक्तियों के लिये सुसज्जित एसी हॉल रसोई व भोजन कक्ष सहित | 23000/– |

- माहेश्वरी परिवारों को मांगलिक कार्यक्रमों के लिये किराया राशि में 50% छूट।
- माहेश्वरी परिवारों को धार्मिक आयोजनों हेतु एसी हॉल (भूतल) सहित 4 दिन या उससे अधिक के लिये आरक्षण करवाने पर मूल किराया राशि में 60% छूट।
- यूनिट III व IV में आवश्यकतानुसार कमरों, मिनी हॉल अथवा भोजन कक्ष व किचन की बुकिंग अलग-अलग भी की जा सकती है। (कार्यक्रम से अधिकतम 15 दिवस पूर्व)
- श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर बर्तन भंडार हलवाई के बर्तनों हेतु।
- सभी कमरे मिनी फ्रिज, इलैक्ट्रिक कैटल, टी.वी., गीजर, इंटरकॉम आदि सभी सुविधा सम्पन्न।
- 3 पैसेंजर लिफ्ट एवं 1 सर्विस लिफ्ट
- बेसमेंट कार पार्किंग एवं वैलेट पार्किंग की सुविधा।
- 2 स्टाफ रूम की सुविधा उपलब्ध (10 व्यक्ति प्रति रूम)
- 24 घंटे पावर बैकअप, स्वागत कक्ष पर डिजिटल डिस्प्ले, टी-कॉफी वेंडिंग मशीन एवं फ्री वाई-फाई सम्पूर्ण भवन में।

भवन के वीडियो टूर के लिये स्कैन करें।

अग्रिम बुकिंग का समय : प्रातः 10:00 बजे से सायं 6:00 बजे तक
सम्पर्क : 9251033701, 9251033703

चैक इन टाइम – 12:00 PM
चैक आउट टाइम – 09:00 AM

विशेष : ★ भवन के सभी कमरों में कुल 230 बैड स्थापित है एवं 85 अतिरिक्त बैड लगाने की व्यवस्था है।
★ सभी यूनिट्स का किराया रुपये 257000/- प्रतिदिन है। 18% अतिरिक्त देय है।

**संचालन समिति**
(सत्र 2022–2025)

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**सीए. रोहित (माहेश्वरी) परवाल**
महामंत्री, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**विनोद कुमार तोतला** – चेयरमैन
**सुरेश कालानी** – सचिव
**घनश्याम भूतड़ा** – वाईस चेयरमैन (वित्त)
**रामसहाय मांधना** – सह सचिव
**सुनील बिहाणी** – भवन मंत्री
**विपिन तोतला** – कोषाध्यक्ष

सदस्य : एम.डी. बांगड़, गिर्राज प्रसाद सोढ़ानी, श्रीगोपाल भूतड़ा, कृष्ण कुमार राठी

।। श्री महेश्वराय नमः ।।

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

द्वारा आयोजित

# दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव

**आयोजन तिथि**

रविवार, दिनांक
26 अक्टूबर, 2025
सायं 6.00 बजे से

**स्थान**

**mps विजय पथ, तिलक नगर, जयपुर**

ऑनलाइन टिकट के लिए QR Code स्कैन करें।



**अतिथिगण**

**मुख्य अतिथि**
श्री प्रकाश चन्द अजमेरा
( प्रमुख व्यवसायी एवं समाज सेवी )

**विशिष्ट अतिथि**
एडवोकेट हेमन्त फलोड़
( प्रमुख व्यवसायी एवं समाज सेवी )

**झांकी प्रायोजक**
श्री रमेश चन्द्र मणिहार
( संरक्षक, श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर )

**स्वागताध्यक्ष**
श्री शुभम जाजू
( प्रमुख व्यवसायी एवं समाज सेवी )

**विशेष अतिथि**
डॉ. निधि माहेश्वरी
रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO)

## आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

**विनम्र अनुरोध**

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष

**सीए. रोहित परवाल**
महामंत्री

कमल किशोर साबू
उपाध्यक्ष-समाज

पूनम चन्द भाला
उपाध्यक्ष-वित्त

भवानी शंकर बाहेती
संयुक्त मंत्री

रामअवतार काबरा
संयुक्त मंत्री

सीए नटवर सारड़ा
अर्थमंत्री

सुशील जाजू
कोषाध्यक्ष-समाज

देवेन्द्र झंवर
संगठन मंत्री

विजय सारड़ा
प्रचार मंत्री

अनिल कोठ्यारी
सांस्कृतिक मंत्री

स्नेहलता साबू
अध्यक्ष

ज्योति हुरकट
सचिव

श्री माहेश्वरी महिला परिषद्

अतुल लोहिया
संयोजक
9782644055

दामोदर तोतला
कोषाध्यक्ष
9828011355

अखिल भाला
अध्यक्ष

प्रवीण परवाल
सचिव

श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल

रवि चाण्डक
टिकिट संयोजक
9829022491

**अन्नकूट महोत्सव**
कार्यक्रम को बेहतरीन बनाने के लिये आपके सुझाव सादर आमंत्रित हैं ।

शैलेश फलोड़
सहयोगकर्ता संयोजक
9829056815

# अन्नकूट महोत्सव–2025



**अतुल लोहिया**
संयोजक-अन्नकूट



**दामोदर तोतला**
कोषाध्यक्ष-अन्नकूट



**रवि चांडक**
टिकिट संयोजक



**शैलेष फलोड़**
सहयोगकर्ता संयोजक

## सह - संयोजक

सर्वश्री अभिषेक झंवर, आदित्य सोनी, अनिल जाजू, अनिल नवल, आशीष सोमानी (चित्रा वाले), दामोदर बाहेती, दिनेश काबरा, गौरव जाजू, हरीश लाहोटी, हर्ष बांगड, रितिक साबू, श्रीमती कृतिका सोनी, लोकेश तेला, श्रीमती नीतू जैथलिया, नितिन अजमेरा, नितिन मोदानी, श्रीमती पूनम भाला, सुश्री पूर्वी मालपानी, प्रशांत सोमानी, राजन सोनी, रोशन लढ्ढड, सत्येन अजमेरा, श्याम रतन पटवारी, सुधीर धूत, सुमंगल राठी, विनोद ईनानी

## परामर्श समिति

सर्वश्री आर.डी. बाहेती, रमेश चन्द्र मनिहार, राजेन्द्र मूंदड़ा, रामस्वरूप कोठ्यारी, राधेश्याम खटोड़, रामस्वरूप जाजू, ज्योति माहेश्वरी ( सोमानी ), सीताराम मालपानी, बिहारी लाल साबू, रामअवतार अजमेरा, रामकिशन जाजू, सत्यनारायण मांधना ( हस्ति पाइप ), मुरलीधर राठी, नटवर गोपाल मालपानी, सत्यनारायण काबरा ( मा.न. ), मनोहर लाल सारड़ा, सत्यनारायण काबरा ( जे.डी. ), घनश्याम दास मूंदड़ा, बालकिशन सोमानी, बजरंग जाखोटिया, प्रदीप बाहेती, केदार मल भाला, बजरंग लाल बाहेती, सुभाष सिंगी, संजय माहेश्वरी, गोपाल लाल मालपानी, मनोज मूंदड़ा, बृजमोहन बाहेती, विनोद तोतला, शांतिलाल जागेटिया, आलोक झंवर, सुनील अजमेरा, मालचन्द बाहेती, अरूण दरगड़।

## संचालन समिति

सर्वश्री अमित सोढ़ानी, अनिल लोहिया, आशीष मंत्री, अशोक चौधरी, बंकट तोषनीवाल, बनवारी मूंदड़ा, बृजेश मोदानी, डी.पी. मूंदड़ा, गोपाल राठी, जुगल कोठारी, कमल लढ्ढा, मनीष सोमानी, ओम हेडा, ओम प्रकाश सोढ़ानी, पवन बजाज, राकेश तोषनीवाल, राजेन्द्र मालू, रामदास मालपानी, संजय कचोलिया, शंकर लाल करवा, सीए. शरद काबरा, सुनील मालपानी, विनोद बियानी, सत्यनारायण सोमानी,

## भोजन व्यवस्था समिति

**संयोजक :** श्री सुरेन्द्र मांधना **एवं सदस्यगण :** सर्वश्री अमित मालपानी, अमित परवाल, अजय झंवर, आनंद जैथलिया, अनुज समधानी, अतुल खटोड़, गिरधर झंवर, हेमन्त मंत्री, के.के. समधानी, कपूर तोतला, महेश परवाल ( MTC ), नरेश लखोटिया, नीरज समधानी, प्रेम मोदानी, राकेश फोफलिया, राधे तापड़िया, ऋषि कचोलिया, संदीप लढ्ढा, संजय जाजू, श्याम सोढ़ानी

## कोठ्यार समिति

**संयोजक :** श्री रामसहाय मांधना **एवं सदस्यगण :** सर्वश्री अंकित परवाल, अशोक सोमानी, अशोक तोषनीवाल, देवी प्रसाद बियानी, दिनेश भाला, घनश्याम काबरा, लीलाधर साबू, प्रमोद लखोटिया, राजेंद्र लढ्ढा, रामदास कोठारी, रमेश काहल्या, सांवरमल परवाल, विनय तोतला, विनोद लढ्ढा

## मंच संचालन

**सदस्यगण :** विकास मंत्री, मुकेश बांगड़, संदीप जाजू, पूजा मोदानी, कल्पना मल्लड, गरिमा काबरा

## क्रय समिति

**संयोजक:** श्री नीरज चितलांग्या **सदस्यगण :** अरूण लखोटिया, नवीन सारड़ा, राजेश गगरानी ( पत्रकार कॉलोनी ), संदीप सारड़ा, विष्णु लढ्ढा

## भोजन प्रवेश द्वार समिति

**सदस्यगण :** सर्वश्री अरुण सोढ़ानी, अरविन्द राठी, दीपक तोतला, मनीष मोदानी, मुकेश लढ्ढा, रामजी चितलांग्या

## रसोई समिति

**संयोजक :** श्री ओम प्रकाश मांधना **एवं सदस्यगण :** सर्वश्री आनन्द बंग, बैणी प्रसाद कचोलिया, दामोदर लोहिया, हरीश बंग, मोहन तोषनीवाल, तेजकरण चौधरी।

## टेंट लाइट व्यवस्था समिति

**सदस्यगण :** सर्वश्री अनिल कचोलिया, अवधेश मांधना, दीपक भण्डारी, दीपक मालपानी, प्रवीण लढ्ढा, प्रकाश तोषनीवाल, तरूण कचोलिया, विकास मोहता

## झांकी समिति

**सदस्यगण :** सर्वश्री अम्बिका भण्डारी, किशन बागड़ी, के.के. तोतला, नम्रता नोवाल, नुपुर मोदानी, रेमी राठी, रीटा तोतला, शिल्पा मोदानी, सुरेश जैथलिया, संजुला मालपानी, विष्णु चितलांग्या

## ब्लॉक भोजन व्यवस्था

**वृन्दावन धाम**
श्री माहेश्वरी नवयुवक मण्डल
संयोजक– श्री विनय तोतला एवं समस्त नवयुवक मण्डल

**गोकुल धाम**
श्री माहेश्वरी महिला परिषद
संयोजक– श्रीमती संजु मूंदड़ा

**जतिपुरा धाम**
एम.पी.एस (गोल्ड क्लब)
संयोजक– श्रीमती प्रमिला–श्रीकान्त आगीवाल
श्रीमती प्रेमलता–चेतन मूंदड़ा
श्रीमती पलक–पवन राठी

**गोवर्धन धाम**
महादेव माहेश्वरी क्लब (MMC)
संयोजक– श्री सुभाष खटोड़, श्री पियुष काबरा

# दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट महोत्सव-2025 : अतिथिगण

## श्री प्रकाश चन्द अजमेरा



**मुख्य अतिथि**

श्री प्रकाश चन्द जी अजमेरा का जन्म 8 दिसम्बर, 1967 को श्रीमती ललिता देवी-बालकृष्ण जी अजमेरा के यहां जयपुर में हुआ। आपके दादाजी स्व. श्री गणेश नारायण जी अजमेरा समाज के संरक्षक एवं अध्यक्ष रह चुके हैं। आपकी स्कूली शिक्षा श्री माहेश्वरी विद्यालय, तिलक नगर से हुई, तत्पश्चात् अग्रवाल कॉलेज से आपने बी.कॉम. स्नातक किया।

आप वर्ष 1984 से जवाहरात के कार्य से अपनी व्यावसायिक यात्रा शुरू की, जिसे आपने उत्तरोत्तर बुलन्दियों पर पहुंचाया। माहेश्वरी नवयुवक मण्डल में श्री प्रदीप बाहेती के अध्यक्षीय कार्यकाल में आपने संयुक्त सचिव के पद पर कंधे-से कंधा मिलाकर कार्य किया। आप महेश मेडिकल सोसायटी एवं श्री माहेश्वरी जनोपयोगी भवन 'अभिनन्दन' के सदस्य हैं। साथ ही अखिल भारतीय माहेश्वरी सेवा सदन में सदस्य के रूप में समाज को अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। वर्ष 1993 में आपका विवाह श्रीमती माधुरी से सम्पन्न हुआ। आपके दो पुत्र आदित्य एवं अरविन्द तथा एक पुत्री सुश्री अनन्या अजमेरा हैं।

## एडवोकेट हेमन्त फलोड़



**विशिष्ट अतिथि**

एडवोकेट हेमन्त फलोड़ का जन्म 7 सितम्बर, 1970 को श्रीमती मुन्नादेवी एवं स्व. श्री राधेश्याम जी फलोड़ (रीडर-पंजीयन विभाग) के यहां अजमेर में हुआ।

आपकी स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षा लोहिया कॉलेज, चूरू से हुई तथा राजस्थान विश्वविद्यालय से एलएलबी की डिग्री प्राप्त करने के बाद आप वर्ष 1996 से राजस्थान हाईकोर्ट में प्रेक्टिस कर रहे हैं। आप क्रीमनल एवं मेट्रोमोनियल केसेज में डील करते हैं।

आपका विवाह श्रीमती पद्मिनी फलोड़ (चार्टर्ड एकाउंटेंट) के साथ सम्पन्न हुआ, जिनसे आपकी दो पुत्रियां पायल व एशिनी एवं एक पुत्र सिद्धार्थ हैं। आप हमेशा समाज सेवा के लिए तत्पर रहते हैं तथा समाज के कार्यक्रमों आप बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। आप तन-मन-धन से सहयोग करते हैं। जनोपयोगी भवन 'उत्सव' के निर्माण में भी आपकी भागीदारी रही है एवं आप इसके सदस्य हैं।

## डॉ. निधि माहेश्वरी



**विशेष अतिथि**

डॉ. निधि माहेश्वरी रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) के अंतर्गत रक्षा मनोविज्ञान अनुसंधान संस्थान (DIPR), रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली में वरिष्ठ वैज्ञानिक (Scientist "F") हैं।

आप एक प्रमाणित लाइफ कोच और हिप्नोथैरेपिस्ट हैं, जिन्हें न्यूरो-लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग (NLP) में विशेषज्ञता प्राप्त है। आपका कार्यक्षेत्र रणनीतिक व्यवहार विश्लेषण, कॉम्बैट स्ट्रेस प्रबंधन, मनोबल और प्रेरणा, तथा अफवाह और प्रचार प्रबंधन (Psychological Operations) है। डॉ. माहेश्वरी को न्ळब-श्रत्थ ;2001द्ध, यंग साइंटिस्ट अवार्ड (2006), DRDO राजभाषा पुरस्कार ;2013द्ध, लेब साइंटिस्ट ऑफ द ईयर ;2016ए 2018द्ध तथा नेशनल टेक्नोलॉजी डे ओरेशन अवार्ड ;2021ए 2024द्ध से सम्मानित किया गया है।

## श्री शुभम जाजू



**स्वागताध्यक्ष**

श्री शुभम जाजू का जन्म 4 मई 1992 को श्रीमती राजकुमारी-श्री अशोक जी जाजू के यहां हुआ। आपकी प्रारंभिक शिक्षा सीडलिंग मॉडर्न हाई स्कूल से हुई। जिसके बाद आपने वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, वेल्लोर से वर्ष 2011-15 में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में स्नातक किया। तत्पश्चात् दो वर्षों तक Sapient (अमेरिका स्थित परामर्श संस्था) में कार्यरत रहे। खेलकूद, यात्रा एवं खोज में रुचि रखने वाले श्री शुभम जाजू वर्तमान में राठी TMT Bars के C & F वितरक के रूप में व्यवसाय कर रहे हैं। वर्ष 2019 में आपका विवाह वैशाली नगर निवासी अंकिता (पेशेवर कंपनी सेक्रेटरी) सुपुत्री श्री रामअवतार जी खटोड़ (व्यवसाय- स्टोन क्रेशर इकाइयाँ) से हुआ। आपके एक पुत्री सान्वी (4 वर्ष) एवं एक पुत्र शिवाय (1 वर्ष) है।

## श्री रमेश चन्द मनिहार



**समाज संरक्षक**

**झांकी प्रायोजक**

हँसमुख एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी श्री रमेश चन्द जी मनिहार का जन्म 15 अक्टूबर 1960 को जयपुर में स्व. श्री लक्ष्मीनारायण जी मनिहार के यहाँ हुआ। आपने वाणिज्य संकाय से स्नातक की डिग्री हासिल की। आपने अपनी प्रतिभा, लगन, समर्पण, त्याग, सेवा और कुशल नेतृत्व के बल पर जवाहरात एवं फाइनेंस व्यवसाय में विशिष्ट पहचान बनाई। आपने मै. गोविन्दम् क्लियरिंग एजेन्सी के नाम से कस्टम क्लियरिंग हाउस (एयरपोर्ट) में अपनी फर्म की विशिष्ट पहचान बनाई है। आप श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के संरक्षक भी है। समाज में अन्नकूट महोत्सव प्रारम्भ करने का श्रेय आपको जाता है। श्रीनाथ जी के प्रति अटूट आस्था एवं उनके आशीर्वाद तथा आपके अथक प्रयासों से समाज में यह परंपरा शुरू की गई।

## प्रायोजकगण

**छप्पन भोग**



श्री राजकुमार सोढ़ानी
(सोढ़ानी स्वीट्स, जौहरी बाजार)

**भक्ति संध्या**



श्री नटवर गोपाल मालपानी,
श्री सुनील मालपानी

**पान प्रसादी**



श्रीमती संगीता लढ्ढा

# टिकिट प्राप्ति स्थल

**टिकिट दर ₹ 100**
नोट : अन्नकूट वाले दिन टिकिट दर 150 रु रहेगी।

**5 वर्ष तक के बच्चे निःशुल्क**

**रवि चाण्डक**
मुख्य टिकट संयोजक
98290 22491

## जोन-1

**मुकेश कालानी**
संयोजक
9982240743

**यशवर्धन मोहता**
सह-संयोजक
8696999181

जौहरी बाजार —मै. जे.डी. एण्ड कं. (सुपारी वाले), हल्दियों का रास्ता, जौहरी बाजार • मो. 2578669, 9829064669
नाहरगढ़ रोड़ —श्री विजय किशन परवाल, जय बैंगल्स, 270, नाहरगढ़ रोड़ • मो. 8952859628
आदर्श नगर —श्री राजरूप मालू, 654, 20 दुकान आदर्श नगर • मो. 9828165663
आगरा रोड़ —श्री गोपेश कुमार भण्डारी, 104, खण्डेलवाल नगर, आगरा रोड़ • मो. 7665460046
आमेर रोड़ —श्री सौम्य चाण्डक, 1 सीतारामपुरी, स्टार सैलून के सामने, आमेर रोड़, जयपुर • मो. 7240461469
गणगौरी बाजार —श्री सौरभ सारड़ा, महालक्ष्मी स्टील्स, दु.नं. 674, गणगौरी बाजार, जयपुर • मो. 9462648070, 9950108666
त्रिपोलिया बाजार— मै. गंगाबक्श मूंदड़ा किराना मर्चेन्ट, रमेश मूंदड़ा (दासू), दुकान नं. 377, त्रिपोलिया बाजार • मो. 9829017421
चांदपोल बाजार —मै. मुरारीलाल विकास कुमार, (मुरारी लाल बिड़ला), 294, चांदपोल बाजार, • मो. 9829054202
जयसिंहपुरा खोर— श्री राजेश फलोड़, मकान नं. 32, ओम कॉलोनी, जयसिंहपुरा खोर, जयपुर • मो. 9001037007
किशनपोल— मै. एम.के. फटाखा, दु.नं. 220, किशनपोल बाजार, जयपुर • मो. 9828338896

## जोन-2

**प्रकाश मालानी**
संयोजक
9829036624

**रौनक धूत**
सह-संयोजक
8890700888

विद्याधर नगर — 'उत्सव' श्री माहेश्वरी समाज जनोपयोगी भवन, पी—10, सेक्टर—2, विद्याधर नगर • 2236743, 44
विद्याधर नगर — मै. माहेश्वरी मसाला उद्योग, 8/85, दुकान नं. 1, सेक्टर 8, विद्याधर नगर • 8005547028
सुभाष नगर — श्री शिव परवाल, मै. विनायक प्लास्टिक इण्डस्ट्रिज, बी—11, सुभाष नगर शोपिंग सेंटर • 8058628640
नेहरू नगर — श्री राजीव बागड़ी, ए—1,शांति पथ, संजय कॉलोनी, पिंक सिटी पब्लिक स्कूल, • 7877792007
अम्बाबाड़ी — मै. अम्बाबाडी ड्राईक्लीनर्स, 28/4, अम्बाबाडी शॉपिंग सेन्टर • 2338421
अम्बाबाड़ी — श्री दिनेश चांडक, ए—4, जे पी, कॉलोनी, नया खेड़ा, विद्याधर नगर, जयपुर • 9414200132
सैन्ट्रल स्पाईन — श्री श्यामदास मंत्री, 307, शुभम अर्पाटमेंट, सैन्ट्रल स्पाईन • 9929104619
सैन्ट्रल स्पाईन — श्री सुमित काबरा, काबरा ऑप्टीकल्स, क्रास रोड माल • 9950666886
झोटवाडा रोड़ — मै. गणगौर बेसन, खंडेला हाऊस, झोटवाडा रोड़ • 9314171713
नया खेड़ा — श्री मुकेश बाहेती, मैं. बाहेती आप्टिशियन, नया खेडा, मालरोड • 9829048022
शास्त्री नगर — श्री गोविन्द राठी, डी—8, राम नगर, शास्त्री नगर, जयपुर • 9929603537

## जोन-3

**कमलेश काहल्या**
संयोजक
9829227783

**दीपक अजमेरा**
सह-संयोजक
9982757150

निवारु रोड़ — श्री राजेश बाहेती, मै. बाहेती ऑप्टिकल्स, नेताजी की चक्की, निवारू रोड • 9950141950
विजयबाड़ी — मै. अर्पिता फेशन बुटीक, 35, सांकेत कॉलोनी, पथ नं. 7, विजयबाड़ी, सीकर रोड़ • 9413966739
विजयबाड़ी — श्री केशव मालपानी, माहेश्वरी कम्प्यूटर एंड मोबाइल, पथ नं. 7, विजयबाड़ी, सीकर रोड़ • 8559985520
विजयबाड़ी — श्री राकेश (सोनू) लढ्ढा, पथ न.6, सालासर सिक्यूरेटी, खेतान अस्पताल, सीकर रोड़ , • 9252413207
सीकर रोड़ — श्री भवानी छापरवाल, मै. जय श्री कृष्णा प्रोपट्रीज, रोड़ न 5 के सामने, विश्वकर्मा • 9314651206
मुरलीपुरा स्कीम — श्री सत्यनारायण तोतला, मै. शिव चाय भण्डार, ए—386, मुरलीपुरा स्कीम • 8769047000
झोटवाड़ा — श्री विजय सारड़ा, 61—बी, सहकार नगर, नियर शिल्प कॉलोनी, झोटवाडा • 9828112198
कालवाड़ रोड़ — श्री सुमित जाजू, रिद्धी—सिद्धी मेडिकल स्टोर, गोविन्दपुरा, कालवाड़ रोड़ • 9829194403
खातीपुरा रोड़ — मैं पंकज प्लास्टिक एण्ड टिम्बर, 61—62, जसवंत नगर, खातीपुरा रोड • 9414477253, 9782200971
खातीपुरा रोड़ — मै. खाटुश्याम पूजा घर, बी—62, प्रेम नगर, झोटवाड़ा, खातीपुरा रोड़ • 8386841926, 8949103254
बैनाड रोड़ — श्री नवरतन सोढ़ानी, मै. श्री माहेश्वरी ट्रेडर्स, बैनाड़ रोड़• 9782751924
अनोखा गाँव — 'श्री गिर्राज मालपानी, मै. माहेश्वरी स्टोर, जोडला पावर हाउस • 9351559211

# टिकिट प्राप्ति स्थल

**टिकिट दर ₹ 100**
नोट : अन्नकूट वाले दिन टिकिट दर 150 रु रहेगी।

**5 वर्ष तक के बच्चे निःशुल्क**

**रवि चाण्डक**
मुख्य टिकट संयोजक
98290 22491

## जोन-4

प्रदीप साबू — संयोजक — 9214002111
चेतन लखोटिया — सह-संयोजक — 9829209427

| | |
|---|---|
| सी–स्कीम | – श्री विमल किशोर सारड़ा, ई–2, गोखले मार्ग, जैन मंदिर के सामने, सी–स्कीम, • 9829152240 |
| सिविल लाईन्स | – श्री हिमांशु कोगटा, 11, भगत वाटिका–1, सिविल लाईन्स • 7073947767 |
| बनीपार्क | – श्री प्रकाश बिड़ला, मै.प्रकाश बिड़ला एंड एसोसिएट्स, बी–1, अलंकार टॉवर, कबीर मार्ग, बनीपार्क •9414229270 |
| अजमेर रोड़ | – श्री मयंक मोहता, प्लाइवुड एंड हार्डवेयर, • 9672999228 |
| चित्रकूट | – श्री अनमोल झंवर, मै. वेस्टर्न प्लाइवुड कम्पनी, चित्रकूट, वैशाली नगर • 9214094170 |
| विद्युत नगर | – श्रीमती मंजू सोढानी, जी–3, 457–58, भगवती एनक्लेव, आदर्श पथ, विद्युत नगर–डी • 9352850227 |
| वैशाली नगर | – श्री अशोक मालपानी, माहेश्वरी कलेक्शन, ब्राइटलैण्ड स्कूल के सामने, वैशाली नगर • 9829822293 |
| डीसीएम | – श्री हरीश मालू, टीचर्स कॉलोनी, अजमेर रोड़ • 9829013030 |
| बनीपार्क | – श्री इन्द्र कुमार मोहता, शिखा टॉवर, भृगु मार्ग, बनीपार्क •9414072094 |
| वैशाली नगर | – श्री हरिश भराड़िया, ई–1/457, चित्रकूट, वैशाली नगर • 9414207129 |
| टेगोर नगर | – श्री गिरिश लढ्ढा, मै. मामाजी मार्बल, अजमेर रोड़ • 7737870676 |
| सोडाला | – श्री गिरधर दास राठी, राठी पेट्रोल पम्प, सोडाला • 9828020531 |

## जोन-5

अनूप लढ्ढा — संयोजक — 6375804940
गजानन्द बिड़ला — सह-संयोजक — 9571960117

| | |
|---|---|
| सोडाला | – श्री गिरधर दास राठी, राठी पेट्रोल पम्प, सोडाला • 9828020531 |
| मानसरोवर | – श्री कमल जाखोटिया, 14/138, कावेरी पथ, मानसरोवर • 9829132756 |
| मानसरोवर | – श्री अनिल नवाल, 91–110, पटेल मार्ग, मानसरोवर • 94140 63289 |
| पत्रकार कॉलोनी | – श्रीमती डिम्पल गगरानी, 65, महावीर नगर, पत्रकार कॉलोनी रोड़ • 9928870939, 9829221011 |
| अमृत नगर | – श्री ऋषि सोनी, प्लाट नं 87, अमृत नगर, इस्कॉन रोड़, मानसरोवर • 9929134487 |
| सूर्य नगर | – श्री गिरिजेश खटोड़, 553 बी, सूर्य नगर, गंगोत्री गार्डन के पीछे, गोपालपुरा बाईपास • 9828010981 |
| महेश नगर | – श्री दीपक बिड़ला, प्लाट नं 9, रूप नगर सेकेंड, महेश नगर • 9829473733 |
| श्याम नगर | – मै. सोडा सिकंजी शॉप, श्री देवेन्द्र झंवर, पिलर नं स्न, श्याम नगर मेट्रो स्टेशन के नीचे, न्यू सांगानेर रोड़ • 9829054556 |
| श्याम नगर | – श्री लक्ष्मीनारायण मोदानी, 553, उदय पथ, विवेक विहार, सोडाला • 9460069917 |
| निर्माण नगर | – श्री सौरभ नौगजा, 45, ऐजेन हाईट्स, रेल नगर, निर्माण नगर, जीविशा अस्पताल के पास • 7411176677 |
| गोपालपुरा रोड़ | – मै. गोविन्दम टाईल्स, 61, सन्तोष नगर, गंगा जमुना पैट्रोल पम्प के सामने • 94140 58504 |
| त्रिवेणी नगर | – श्री सत्यनारायण भण्डारी, ए–348, त्रिवेणी नगर, गोपालपुरा • 9414388622 |
| गुर्जर की थड़ी | – श्री गोविन्द काबरा, 36, प्रेम नगर, गुर्जर की थड़ी • 9414888760 |
| अग्रवाल फार्म | – श्री गजानन्द बिड़ला, बिड़ला ट्रेडर्स, 113/265, अग्रवाल फार्म • 9571960117, 9784373513 |

## जोन-6

मनीष मैनाना — संयोजक — 9828131485
आलोक लढ्ढा — सह-संयोजक — 9309099652

| | |
|---|---|
| महेश कॉलोनी | – मै. गिफ्ट पैरोडाइज, आलोक लढ्ढा, महेश कॉलोनी, बरकत नगर • 9309099652 |
| बरकत नगर | – श्री श्याम सोढानी, मै. ओम कैटर्स, डी–2, जेपी कॉलोनी • 9314505694 |
| बसन्त बहार | – श्रीमती कौशल्या देवी पनपालिया, बसंत बहार कॉलोनी, गोपालपुरा मोड़ • 2724679 |
| बापू नगर | – श्री महेश चांड़क, दी.आई. डेस्टिनेशन, ए–9,10 जनता स्टोर, • 9828122665, 9829052440 |
| मालवीय नगर | – श्री अमन काबरा, 3/214, जय श्री टयूशन सेन्टर, मालवीय नगर, • 9461771541 |
| मालवीय नगर | – श्री राकेश काबरा, डी–130–131, रोज रेजीडेन्सी, सिद्धार्थ नगर • 9929595774 |
| जगतपुरा 7 नं. स्टैंड | – श्री सी.पी. लखोटिया, मै. प्रकाश मार्बल, 98, लाजपत नगर, जगतपुरा • 9928010922 |
| सीताबाड़ी | – श्री अशोक अजमेरा, प्लाट नं. 6, सीताबाड़ी • 9414060906 |
| सांगानेर थाना | – श्री बसन्त झंवर, बी.के. मेडिकल, सांगानेर थाना • 9351545109 |
| सांगानेर | – श्री मोहित मैनाना, मै. माहेश्वरी फर्नीचर, बस स्टैण्ड के पास, • 9784307263 |
| प्रताप नगर | – श्री मुरली मूंदड़ा, 105/99, प्रताप नगर • 9772949360 |
| सीतापुरा | – श्री मनोज तोषनीवाल, मै. माहेश्वरी केन्टीन, पोद्दार सर्किल, सीतापुरा • 9828426639 |
| किसान मार्ग | – श्री हरिकिशन आगीवाल, सुर्या मेडीकल स्टोर • 9829610677 |
| न्यूलाईट कॉलोनी | – VANHEUSEN Store, कमल एंड कंपनी के सामने, टोंक रोड, • 9829310044 |
| गोवर्धन नगर | – श्री विनय तोतला, विकास शू पैलेस • 9929037976 |
| मालवीय नगर | – श्री मुकेश काबरा, anj enterprises10/74, मालवीय नगर, • 9314588184 |

## भामाशाह श्री कन्हैयालाल मूंदड़ा जी का बांगड़ परिवार निवास पर आगमन



जयपुर स्थित बांगड़ परिवार के निवास स्थान पर भामाशाह श्री कन्हैया लाल जी मूंदड़ा का आगमन हुआ। इस अवसर पर श्री माहेश्वरी समाज अध्यक्ष श्री उमेश सोनी तथा बांगड़ परिवार ने मिलकर मूंदड़ा जी का स्वागत एवं सम्मान किया। मूंदड़ा जी ने उपस्थित परिचितजनों से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए विभिन्न सामाजिक विषयों पर सार्थक एवं सकारात्मक चर्चाएँ कीं।

श्री मूंदड़ा जी की समाजसेवी उपलब्धियों में प्रमुख है- बीकानेर में एक अत्याधुनिक व विशाल हॉस्पिटल का निर्माण, जिसे उन्होंने पूर्णत: जनहित एवं समाज सेवा को समर्पित किया है। विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह है कि मूंदड़ा जी अपनी परोपकारी सेवाओं में कभी भी नाम या यश की अपेक्षा नहीं रखते। उन्होंने अनेक विद्यालयों, चिकित्सा संस्थानों एवं सामाजिक परियोजनाओं का निर्माण कराया है।

इस अवसर पर उन्होंने श्री उमेश जी सोनी को हृदय से बधाई प्रेषित की। साथ ही उन्होंने आश्वासन दिया कि जयपुर माहेश्वरी समाज के उत्थान एवं प्रगति के लिए यदि किसी भी समय आर्थिक सहायता की आवश्यकता रहेगी तो वे बिना किसी औपचारिकता के सहयोग हेतु आगे आएंगे।

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

### विधान/नियमावली संशोधन हेतु सुझाव आमंत्रण

प्रिय समाजबंधुओं,

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के कार्यकलापों को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं समयानुकूल बनाने के उद्देश्य से समाज के विधान में संशोधन करने का विचार किया जा रहा है।

इस संदर्भ में सभी सम्मानित सदस्यों, पदाधिकारियों एवं समाजबंधुओं से निवेदन है कि वे समाज के हित में अपने सुझाव एवं अभिमत लिखित रूप में प्रस्तुत करने का श्रम करावें।

आपके सुझावों का संकलन कर उन्हें विधान संशोधन समिति के समक्ष विचारार्थ रखा जाएगा, ताकि समाज के विकास और संगठन की मजबूती हेतु उपयुक्त संशोधन किए जा सके।

आप अपने सुझाव निम्न माध्यमों से भेज सकते हैं -

shrimaheshwarisamaj.jaipur@gmail.com

डाक : समाज परिसर, थर्ड फ्लोर, एमपीएस इन्टरनेशनल, भाभा मार्ग, तिलक मार्ग, जयपुर-302004

सुझाव भेजने की अंतिम तिथि : 31.12.2025

आपके प्राप्त सुझावों से समाज की प्रगति हेतु मार्ग प्रशस्त करने की दिशा में अमूल्य योगदान होगा।

**नोट :** समाज विधान व नियमावली (संस्करण फरवरी 2020) की डिजिटल कॉपी के लिये 9413793771 सम्पर्क कर सकते हैं अथवा हार्ड कॉपी समाज कार्यालय से नि:शुल्क प्राप्त की जा सकती है।

**राधाबल्लभ अजमेरा**
संयोजक- विधान संशोधन समिति
मो. नं. : 9928547817

## अन्न सेवा का पुण्य अवसर

श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा 'नर सेवा, नारायण सेवा' प्रकल्प के अन्तर्गत जे.के. लॉन अस्पताल के बाहर साप्ताहिक अन्न सेवा आयोजित की जाती है, जिसके अन्तर्गत लगभग 400-500 जरूरतमंद भाई-बहनों को भोजन प्रसादी का वितरण किया जा रहा है। यह सेवा समाज द्वारा पिछले तीन वर्षों से सुचारू रूप से संचालित की जा रही है, जिससे समाज बंधु परोपराक के भागीदार बन पुण्य लाभ कमा रहे हैं।

सेवा भावना से प्रेरित बंधुजनों से अनुरोध है कि आप भी 'अन्न सेवा' करवाकर इस पवित्र कार्य का पुण्य लाभ प्राप्त करें।



दिवस : प्रत्येक गुरुवार

स्थान : जे.के. लॉन अस्पताल, जे.एल.एन. मार्ग

सहयोग राशि : 8,100/-

**सम्पर्क सूत्र :**

श्री विकास मोहता- संयोजक, अन्न सेवा मो. 99280 82094

समाज परिसर, थर्ड फ्लोर, एमपीएस इन्टरनेशनल, तिलक नगर, भाभा मार्ग, जयपुर फोन न. 0141-2623500

(भोजन प्रसादी : चपाती, दो सब्जी, अचार, मिठाई-आगरे का पेठा।)

## नर सेवा, नारायण सेवा : श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर सेवा प्रकल्प

समाजसेवी श्री जुगल किशोर कोठ्यारी के सहयोग से जरूरतमंद बन्धुओं को गुरुवार, दिनांक 18 सितम्बर, 2025 को जे.के.लॉन हॉस्पिटल के बाहर लगाए गए सेवा केंद्र पर लगभग 450 जरूरतमंद भाइयों और बहनों को भोजन प्रसादी एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर समाज महामंत्री सीए. श्री रोहित परवाल, श्री हरिकिशन बाहेती (भवनमंत्री, एमबीवी), श्रीमती उषा, श्री शुभम, दीपश्री कोठ्यारी, श्री गोविन्द कांकानी सहित समाज के गणमान्य व प्रबुद्ध जन एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# आज का समय और राम के आदर्श

मानव सभ्यता में आदर्शों का विशेष स्थान है। आदर्श ही वह आधार हैं जो व्यक्ति को जीवन में दिशा देते हैं और समाज को प्रगति की ओर ले जाते हैं। भारतीय संस्कृति में यदि किसी एक व्यक्तित्व को मर्यादा, सत्य, धर्म और कर्त्तव्य का सर्वोच्च प्रतीक माना गया है, तो वह हैं मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम।

आज के समय में जब समाज मूल्य संकट, स्वार्थ की राजनीति, पारिवारिक विघटन और नैतिक पतन की चुनौतियों से जूझ रहा है, तब राम के आदर्श हमारे लिए पथप्रदर्शक बन सकते हैं।

### 1. सत्य और धर्म का पालन

श्रीराम ने अपने जीवन में हर परिस्थिति में सत्य और धर्म को सर्वोपरि रखा। पिता दशरथ की प्रतिज्ञा की मर्यादा निभाने हेतु राजपाट छोड़कर 14 वर्ष का वनवास स्वीकार करना इसका सर्वोत्तम उदाहरण है।

- 'धर्म की रक्षा हेतु कष्ट सहना ही सच्चे मानव का कर्त्तव्य है।'

### 2. आदर्श पुत्र और आदर्श भाई

राम का जीवन केवल एक आदर्श राजा का ही नहीं, बल्कि एक आदर्श पुत्र और भाई का भी है। उन्होंने पिता के वचन के लिए सुख-वैभव त्याग दिया और भाइयों के साथ सौहार्द और त्याग की मिसाल कायम की।

आज जब परिवारों में दरारें और मतभेद बढ़ रहे हैं, तब राम का आदर्श हमें बताता है कि परिवार के प्रति निष्ठा और प्रेम ही जीवन की सबसे बड़ी पूँजी है।

### 3. नारी सम्मान और आदर्श दांपत्य

राम और सीता का संबंध परस्पर विश्वास और त्याग का प्रतीक है। सीता के अपहरण के बाद राम ने उन्हें वापस लाने के लिए अपना सर्वस्व दाँव पर लगा दिया। आज जब नारी सुरक्षा और सम्मान की समस्या गम्भीर रूप ले रही है, तब राम का आदर्श हमें सिखाता है कि नारी को सम्मान और समानता देना ही सच्चा धर्म है।

### 4. सुशासन और रामराज्य

वनवास से लौटकर श्रीराम ने जिस रामराज्य की स्थापना की, वह शासन का आदर्श स्वरूप था। वहाँ न अन्याय था, न शोषण, न गरीबी, न अपराध। हर नागरिक सुखी और सुरक्षित था। आज जब राजनीति में भ्रष्टाचार और स्वार्थ हावी है, तब रामराज्य की कल्पना हमें यह सिखाती है कि सच्चा नेतृत्व वही है, जो प्रजा के सुख-दुख को अपना मानकर शासन करे।

### आज की प्रासंगिकता

आज नैतिक मूल्यों से दूर होता जा रहा है। प्रतिस्पर्धा, लालच, राजनीति और पारिवारिक विघटन हमें भीतर से खोखला कर रहे हैं। ऐसे समय में श्रीराम के आदर्श ही हमारे जीवन और समाज को नई दिशा दे सकते हैं।

व्यक्तिगत जीवन में - सत्य, मर्यादा और धैर्य, परिवार में - त्याग और प्रेम, समाज में - न्याय और समानता, राष्ट्र में - सुशासन और सेवा भाव।

श्रीराम केवल धार्मिक आस्था के प्रतीक नहीं, बल्कि मानव जीवन के आदर्श पुरुष हैं। यदि हम उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अपने आचरण और समाज में उतारें, तो न केवल व्यक्ति का जीवन संतुलित होगा, बल्कि समाज और राष्ट्र भी समृद्ध और सशक्त बनेगा।

विजय सारड़ा ( रेनवाल )
प्रचार मंत्री

## टेलीफोन निर्देशिका-2025 वितरण स्थल

समाजबन्धुओं की सुविधा हेतु टेलीफोन निर्देशिका-2025 के वितरण हेतु समाज की स्कूलों में रखवायी गयी है। आप सभी से आग्रह है कि अपने नजदीकी केन्द्र से पहचान पत्र दिखाकर निर्देशिका प्राप्त करें -

1. एमपीएस, विजय पथ, तिलक नगर
2. माहेश्वरी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी, स्कूल, सांघी जी का रास्ता, चौड़ा रास्ता, जयपुर
3. एमपीएस, सेक्टर-5, प्रताप नगर, टोंक रोड, जयपुर
4. एमपीएस, सुशांत सिटी-I, कालवाड़ रोड़, जयपुर
5. माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, सेक्टर 1 रोड, विद्याधर नगर, जयपुर
6. एमपीएस संस्कृति जगतपुरा, 116-117, लाजपत नगर, जगतपुरा, जयपुर,
7. समाज जनोपयोगी भवन 'अभिनन्दन', पत्रकार कॉलोनी, मानसरोवर, जयपुर

## सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर आयोजित

रामजीदास मोदानी फाउण्डेशन एवं भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण का कैम्प 5 अक्टूबर, 2025 को महावीर कैंसर हॉस्पिटल में लगाया गया। फाउण्डेशन के अध्यक्ष श्री सत्यनारायण मोदानी ने बताया कि कैम्प में 9 साल से 26 साल तक की बालिकाओं को प्रथम एवं द्वितीय टीका लगाया गया। इस शिविर में 110 बालिकाओं के टीके लगाये गये।

## "परिणय विशेषांक" के लिए आलेख आमंत्रित

जयपुर माहेश्वरी पत्रिका का आगामी नवंबर, 2025 अंक परिणय विशेषांक निर्धारित किया गया है। इस विषय पर समाजजनों से आलेख आमंत्रित हैं। शादी-विवाह एवं रीति-रिवाजों से संबंधित अपने मौलिक आलेख जयपुर माहेश्वरी पत्रिका के मेल आईडी jmpatrika@gmail.com पर प्रेषित करने का श्रम करें। प्राप्त उत्कृष्ट प्रविष्टियों को पत्रिका में स्थान दिया जायेगा। आलेख प्रकाशन पर अंतिम निर्णय संपादक मंडल का रहेगा।

- संपादक




## श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

### जनोपयोगी भवन

# ``अभिनन्दन''

कृष्णा सागर कॉलोनी, पत्रकार कॉलोनी रोड
वी.टी. रोड के सामने, मानसरोवर, जयपुर-302020
सम्पर्क : फोन : 0141-2980659, मो.: 7414038883
Location (GPS) : 26.84000, 75.75102

**चैक इन टाइम : 12 PM • चैक आउट टाइम : 9 AM**

### अत्याधुनिक सुविधा सम्पन्न

- 70 वातानुकूलित कमरे (8 डॉरमेट्री सहित+ 2 पूजा रूम सहित)
- भव्य वातानुकूलित बैंक्वेट हॉल (105'x 78'-डबल हाइट)
- सुसज्जित वातानुकूलित डायनिंग हॉल एवं मंडप एरिया (ग्राउंड फ्लोर पर)
- 2 मिनी बैंक्वेट हॉल, 2 डायनिंग हॉल
- 4 किचन, 2 पैसेंजर व 1 लगेज लिफ्ट
- प्रत्येक कमरे में मिनि फ्रिज एवं टी-कैटल सुविधा
- डबल बैसमेंट सहित वैलेट पार्किंग सुविधा
- सम्पूर्ण भवन wi-fi & CCTV सुविधायुक्त
- प्रत्येक कमरे में डिजिटल लॉकर व इंटरकॉम सुविधा
- 24 hrs Room Services, Receptionist & House Keeping Staff, Security Guard, Electricity Backup Facility Available.

ग्राउण्ड फ्लोर (Unit-I) : डायनिंग हॉल, लॉन व किचन
द्वितीय तल (Unit-II) : 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित)
चतुर्थ तल (Unit-V) : 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनी हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन

प्रथम तल (Unit-II) : मुख्य बैंक्वेट हॉल (डबल हाइट)
तृतीय तल (Unit-IV) : 13 कमरे (पूजा रूम सहित), 1 मिनि हॉल, 1 डायनिंग हॉल, किचन
पंचम तल (Unit-VI) : 22 कमरे (4 डॉरमेट्री सहित)

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**सीए. रोहित माहेश्वरी ( परवाल )**
महामंत्री
श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर

**संचालन समिति**
( सत्र 2022-25 )

**शांति लाल जागेटिया** — चेयरमैन
**गिरिराज प्रसाद मोदानी** — वाईस चेयरमैन ( वित्त )
**अशोक कुमार फलोड़** — वाईस चेयरमैन ( संचालन )

**महेश कुमार साबू** — सचिव
**सुरेन्द्र कुमार मान्धना** — सह सचिव
**राधामोहन तोतला** — भवन मंत्री
**कैलाश चन्द्र परवाल** — कोषाध्यक्ष

**सदस्यगण :** द्वारकादास सोढ़ानी, जुगलकिशोर साबू, राघव बिहानी, विनोद अजमेरा

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर का दीवाली क्विज







श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर का पहला दीवाली क्विज कार्यक्रम भव्यता से तक्षशिला सभागार में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष श्री उमेश सोनी, महामंत्री सीए. रोहित परवाल, उपाध्यक्ष (शिक्षा) श्री निर्मल दरगड़, महिला परिषद् अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता साबू, एमपीएस जवाहर नगर के सचिव श्री संजय बाँगड़ एवं समाज के अनेक गणमान्य सदस्य सपरिवार उपस्थित रहे।

संयोजक दीपक सारडा एवं चारू दरगड़ ने जानकारी दी कि यह कार्यक्रम समाज में ज्ञान, उत्सव और एकता का अनूठा संगम रहा। कार्यक्रम के क्विज मास्टर श्री महेन्द्र जी सुराना ने रोचक तरह से प्रश्न पूछ कर सभी को रोमांचित किया।

इस अवसर पर समाज की गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स धारक 8 वर्षीय बाल प्रतिभा कुमारी सिनाया बियानी ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं 8 वर्षीय वैदही कालानी ने भी शानदार प्रस्तुति देकर पूरे सभागार को झूमने पर मजबूर कर दिया।

अन्य कार्यक्रमो में पलक माहेश्वरी, लोकेश जाजू, कविता-दीपश्री झँवर, अनिला (मेघा) झंवर, डिंपल गगरानी एवं पूजा राठी ने आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनसे पूरा ऑडिटोरियम उत्साह और उल्लास से भर उठा।

यह क्विज कार्यक्रम समाज की नई पहल के रूप में न केवल ज्ञानवर्धक रहा, बल्कि इसमें सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी ने इसे 'परिवार संग सीख और मस्ती' का अद्वितीय उत्सव बना दिया।























# श्री माहेश्वरी महिला परिषद् जयपुर द्वारा चंद्र पूजन उत्सव मनाया गया



श्री माहेश्वरी महिला परिषद् द्वारा करवा चौथ के शुभ अवसर पर 'चंद्र पूजन उत्सव' का आयोजन बड़े ही उत्साह, श्रद्धा और परंपरागत ढंग से एमपीएस स्कूल, तिलक नगर प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती अपूर्वा जी एवं श्री अंकुर जी अजमेरा, विशिष्ट अतिथि श्रीमती विमला जी एवं श्री प्रकाश जी पोरवाल तथा स्वागताध्यक्ष श्रीमती विजयश्री तापड़िया एवं श्री रामराज जी तापड़िया उपस्थित रहे। महिला परिषद् अध्यक्ष श्रीमती स्नेहलता साबू ने बताया कि समाज में करवा चौथ का यह सामूहिक आयोजन महिला परिषद् द्वारा प्रथम बार किया गया है, जिसे समाज के सभी परिवारों ने यूट्यूब पर लाइव देखा एवं बड़े हर्ष और आनंद के साथ सराहा। सांस्कृतिक सचिव श्रीमती मेघा ( अनिला ) झंवर ने बताया कि कार्यक्रम में आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, हाऊजी तथा अन्य मनोरंजक खेलों ने उत्सव की शोभा को और भी बढ़ा दिया। लगभग 700 माहेश्वरी समाजबंधुओं की गरिमामय उपस्थिति ने कार्यक्रम को भव्यता प्रदान की। समाज अध्यक्ष श्री उमेश जी सोनी ने भी सपत्नीक उपस्थित रहकर कार्यक्रम का आनंद लिया और महिला परिषद् के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए इसे समाज की संस्कृति एवं एकता को मजबूत करने वाला कदम बताया। सचिव श्रीमती ज्योति हुरकट ने बताया कि इस अवसर पर बड़े-बुजुर्गों को शॉल व दुपट्टे ओढ़कर उनका सम्मान किया गया। करवा चौथ के इस पावन पर्व पर महिलाओं के लिए उद्यापन की व्यवस्था भी की गई। श्री माहेश्वरी महिला परिषद् की सभी सदस्याओं द्वारा किये गये अथक प्रयास से इस कार्यक्रम में चार चांद लगा दिये। इस भव्य आयोजन की मुख्य सूत्रधार श्रीमती संतोष बजाज रहीं।






















मीता-प्रमोद लखोटिया

करवा चौथ का व्रत, पति के दीर्घ आयु की कामना
विश्वास व समर्पण का प्रतीक, चंद्रदेव की आराधना
सुखद हो दांपत्य जीवन, यह रिश्ता है बड़ा अनमोल
चांद की रोशनी में सदा, खिलता रहे प्रेम का फूल

जीवन में सुख और समृद्धि भरपूर आए
करवा चौथ की हार्दिक शुभकामनाएं



रानू-आनंद आगीवाल

आपका चेहरा चांद से कम नहीं है,
आपका साथ है तो किसी बात का गम नहीं है ,
आप है तो हमारे चेहरे पर खुशियां है,
आपकी बाहों में दम निकल जाए तो गम नहीं है।



अंजना-रवि बाहेती



अंजू-सोहन लखोटिया



प्रीति-निखिल तोषनीवाल

व्रत है प्रेम का, विश्वास की बात,
सजी हैं हथेलियाँ, सजा है साथ।
चाँद गवाह इस रिश्ते का बने,
सदा मुस्कुराए पति-पत्नी के जीवन तले।



लक्ष्मी-अवधेश मांधना



अनिता-संजय फलोड़



ज्योति-विनीत जाजू

संकल्प :MAHESHWARI FIRST

# 'सशक्त नारी–सशक्त समाज' (महिला स्वावलम्बन की ओर)






















# श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल जयपुर : बीट ऑफ डांडिया 2025 धूमधाम से सम्पन्न



श्री माहेश्वरी नवयुवक मंडल व श्री माहेश्वरी महिला परिषद, जयपुर के द्वारा तिलक नगर में स्थित माहेश्वरी पब्लिक स्कूल बिट्स ऑफ डांडिया 2025 कार्यक्रम का आयोजन बड़े हर्षोउल्लास के साथ किया गया। माहेश्वरी नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष सीए. श्री अखिल भाला व सचिव सी.ए श्री प्रवीण परवाल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती गौरी-अशोक जी बागला, डांडिया संयोजक श्री पुनीत मांधना, डांडिया संयोजिका श्रीमती सुलभा सारड़ा, डांडिया कोषाध्यक्ष श्री पुनीत खटोड़, पॉवर्ड स्पॉन्सर यशवर्द्धन वैद, स्वागत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति-कपिल जी सोमानी, फर्निचर पार्टनर श्री सुयश गोदरेज इण्टीरियो, ऑटोमोबाइल पार्टनर टाटा मोटर्स, बिल्डर्स पार्टनर विराट ग्रुप थे। कार्यक्रम में लगभग 2000 समाज बंधुओं ने हिस्सा लिया और मां दुर्गा की पूजा अर्चना करके सभी समाज बंधुओं ने डांडिया महोत्सव का लुत्फ उठाया। डांडिया को दुर्गा की शक्ति और ऊर्जा का रूप माना जाता है। डांडिया नृत्य मां के लोकप्रिय गीतों पर किया गया। प्रदेश की संस्कृति और परंपराओं को संजोए रखने के उद्देश्य से गरबा रास व डांडिया महोत्सव का आयोजन पारिवारिक माहौल में किया गया। लोगों के मनोरंजन के लिए यहां म्यूजिक, डांस, फूड, शॉपिंग और क्राफ्ट स्टॉल की व्यवस्था भी की गयी। जिससे लोगों ने भरपूर आनंद लिया। डांडिया संयोजक श्री पुनीत मांधना एवं संयोजिका श्रीमती सुलभा सारडा ने पधारे हुए सभी समाज बंधुओं का धन्यवाद दिया।



## आलेख प्रतियोगिता हेतु रचनाएं आमंत्रित

जयपुर जिला माहेश्वरी सभा समिति एवं जयपुर जिला माहेश्वरी महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में देशव्यापी एक आलेख प्रतियोगिता ''समाज के युवाओं में विवाह संस्कार के प्रति बढ़ती बेरूखी एवं उनका अधिक उम्र में विवाह करने की प्रवृत्ति से उत्पन्न समस्या-कारण एवं निवारण'' का आयोजन किया गया है। इसमें प्रतिभागियों से स्वरचित अधिक 800 शब्दों में रचनाएं आमंत्रित की गई है। रचना भेजने की अंतिम तिथि 15 नवंबर, 2025 व परिणामों की घोषणा की तिथि 30 नवंबर, 2025 रखी गई है। प्रथम तीन विजेताओं को क्रमश: 5100/-, 3100 एवं 2100/- का नगद पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। इन तीनों रचनाओं का प्रकाशन जिला सभा की स्मारिका 'महेश दर्पण' में किया जायेगा। सभी भाग लेने वाले प्रतिभागियों को डिजिटल सर्टिफिकेट्स प्रदान किये जायेंगे। प्रतिभागियों को रचना वाट्सएप (9929526080) पर भेजकर डाक या कॉरियर द्वारा जयपुर जिला माहेश्वरी सभा समिति, महेश अस्पताल तोपखाना का रास्ता, चांदपोल, जयपुर-302001 पर भेजना होगा।

डॉ. सुरेन्द्र बजाज, अध्यक्ष
जयपुर जिला माहेश्वरी सभा समिति



















# अ.भा. माहेश्वरी महासभा के सभापति श्री संदीप जी काबरा का भव्य स्वागत



श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर की ओर से 11 अक्टूबर, 2025 को अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति बहुआयामी व्यक्तित्व श्री संदीप काबरा का समाज कार्यालय में सभी आधिकारिक पदाधिकारियों एवं समाज बंधुओं द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर दक्षिणांचल के उपसभापति श्री अरुण भांगड़ियां, पूर्वोत्तर राजस्थान सभा प्रदेशाध्यक्ष श्री जुगल किशोर सोमानी एवं जयपुर जिला माहेश्वरी सभा अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र बजाज का भी पुष्प हार पहना कर स्वागत किया गया। श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के अध्यक्ष श्री उमेश सोनी द्वारा जयपुर समाज की सशक्त पृष्ठभूमि को दर्शाते हुए एवं अखिल भारतीय स्तर पर नव-संवाद को गतिशीलता देते हुए समरसता तथा एकजुटता को स्थापित करने का सुंदर प्रयास किया गया एवं महामंत्री श्री रोहित परवाल द्वारा स्नेहिल आयोजन को एकसूत्र में पिरोया गया।

अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के सभापति श्री संदीप काबरा ने आगामी 9 से 11 जनवरी 2026 को जोधपुर में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय माहेश्वरी महाकुंभ के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जयपुर माहेश्वरी समाज के सभी पदाधिकारियों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं आम समाजजनों का आह्वान किया कि समाज के व्यापक हित में एवं समाज संगठन को सुदृढ़ बनाने हेतु इस महाआयोजन का अवश्य हिस्सा बनें। उन्होंने यह भी बताया कि हमारा समाज देश दुनिया में हो रहे परिवर्तनों के प्रति पूर्ण जागरूक है। साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अधिकाधिक अपनाने पर जोर देते हुए उन्होंने बताया कि यह तकनीक अत्यंत उपयोगी एवं आगामी समय की मांग है और हम अत्याधुनिक तकनीकी अपनाने में हमेशा अग्रणी रहे हैं। अत: आने वाला कल माहेश्वरी समाज का होगा, यह तय है। स्वयं एवं समाज की प्रगति के लिए सभी को इस तकनीकी युग में समय रहते तेजी से हो रहे इन परिवर्तनों के साथ कदम चलना चाहिए।

समाज अध्यक्ष श्री उमेश सोनी ने जयपुर से अधिकाधिक संख्या में जोधपुर के महाकुंभ में शामिल होने व जरूरतमंद जयपुर समाज जनों को महासभा प्रदत्त आर्थिक सहायताएं दिलवाने में सहयोग करने का आश्वासन दिया।

अंत में जयपुर माहेश्वरी पत्रिका की संपादक श्रीमती मधु भूतड़ा 'अक्षरा' ने सभापति जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालने वाली स्वरचित कविता के माध्यम से अद्भुत समां बांध दिया।

## सभापति जी के सानिध्य में जयपुर जिला माहेश्वरी सभा समिति की कार्यकारी मंडल मीटिंग सम्पन्न

सभापति जी की उपस्थिति कार्यकारी मंडल मीटिंग सम्पन्न हुई, जिसमें विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मीटिंग में जिला अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र बजाज, जिला मंत्री श्री गोविंद परवाल, जिला कोषाध्यक्ष श्री राधेश्याम काबरा, जिला उपाध्यक्षों श्री सत्यनारायण मोदानी, श्री बृजेश कुमार लड्ढा, निवर्तमान जिला अध्यक्ष श्री नवल किशोर झंवर, प्रदेश अध्यक्ष श्री जुगल किशोर सोमानी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राम अवतार आगीवाल, महासभा कार्यसमिति सदस्य श्री कैलाश सोनी, निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष श्री मधुसूदन बिहानी, प्रदेश संयुक्तमंत्री श्री शिव रतन मोहता, प्रदेश कार्यालय मंत्री श्री मनीष जाजू, क्षेत्रीय सभा अध्यक्षों श्री त्रिलोक हुरकट, श्री रमेश कुमार भैया, श्री लक्ष्मीकांत तोतला आदि सहित अन्य गणमान्य सदस्यों की भी सहभागिता रही।

## समाज पदाधिकारियों की श्री ओम बिरला से भेंट



माननीय श्री ओम जी बिरला, लोकसभा अध्यक्ष, भारत सरकार के साथ आज जयपुर आगमन पर श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, श्री उमेश जी सोनी एवं अन्य पदाधिकारीगण के साथ शिष्टाचार भेंट हुई। समाज के नए प्रकल्पों पर चर्चा हुई और उनकी तरफ से सहयोग हेतु पूर्ण आश्वासन दिया गया।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में की मरीजों की जांच



लायंस क्लब जयपुर मेट्रो की ओर से अमिता पापड़ीवाल की स्मृति में श्री माहेश्वरी डायग्नोस्टिक एंड डायलिसिस सेंटर, निर्माण नगर के संयुक्त तत्वावधान में महेश कॉलोनी स्थित महेश सत्संग भवन में 9 अक्टूबर, 2025 को नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 124 मरीजों की बी.पी, शुगर, वजन एवं ऑक्सीजन सेचुरेशन की जांच की गईं एवं नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं। इस अवसर पर डॉ. महेश माहेश्वरी ( समाज, चिकित्सा मंत्री ), डॉ. महेश जैन एवं डॉ. सरोज जैन ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श प्रदान किया। समाज अध्यक्ष श्री उमेश सोनी, उपाध्यक्ष ( अर्थ ) श्री पूनम चन्द भाला, संयुक्त सचि श्री रामअवतार काबरा व सांस्कृतिक मंत्री श्री अनिल कोठ्यारी, mps संस्कृति, जगतपुरा शिक्षा सचिव श्री ओम सोढ़ानी, श्री राकेश फोफलिया, श्री श्याम सोढानी सहित सर्वसमाज के गणमान्यजनों ने शिविर से लाभ प्राप्त किया।

# श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर
का
# नवीन प्रकल्प




## विशेष सूचना

**सदस्यता :** 'आनन्दम्' श्री माहेश्वरी समाज, जनोपयोगी भवन, जगदम्बा नगर, वैशाली नगर के निर्माण का कार्य अन्तिम चरण में है। समाजबंधुओं के लिए इसकी सदस्यता खोली गई है। दानदाता सदस्यों की श्रेणी एवं विवरण निम्नानुसार है:

| क्रस | सदस्यता श्रेणी | सहयोग राशि |
|---|---|---|
| (i) | आजीवन सदस्य | 11 लाख रुपए या उससे अधिक की राशि |
| (ii) | अतिविशिष्ट सदस्य | 5 लाख रु. या उससे अधिक एवं 11 लाख रु. से कम |
| (iii) | विशिष्ट सदस्य | 3 लाख रु. या उससे अधिक व 5 लाख रु. से कम |
| (iv) | प्रमुख सदस्य | 1 लाख रु. या उससे अधिक व 3 लाख रु. से कम |
| (v) | साधारण सदस्य | 11,000 रु. या उससे अधिक व 1 लाख रु. से कम |

उपरोक्त श्रेणियों में सदस्यता प्राप्त करने हेतु इच्छुक समाजबन्धु आवेदन पत्र समाज कार्यालय से प्राप्त कर सदस्यता राशि **श्री माहेश्वरी समाज, जयपुर** के नाम से चैक या सीधे बैंक खाता संख्या 211100000000501, IFSC Code : AUBL0002449 में जमा करवाकर संबंधित सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं।

**उमेश सोनी**
अध्यक्ष

**सीए. रोहित माहेश्वरी ( परवाल )**
महामंत्री

**कमल किशोर साबू**
उपाध्यक्ष (समाज)

**पूनम चन्द भाला**
उपाध्यक्ष (अर्थ)

**सुशील जाजू**
कोषाध्यक्ष (समाज)

**सीए. नटवर सारड़ा**
अर्थमंत्री

**कमलेश लढ्ढा**
भवन मंत्री (समाज)

### भवन निर्माण समिति

**विष्णु लढ्ढा ( वैशाली नगर )**
चेयरमैन ( निर्माण )

**राधेश्याम काबरा**
चेयरमैन ( वित्त )

**हरीश मालू**
सचिव ( निर्माण )

**हरीश भराड़िया**
सचिव ( वित्त )

**विकास मोहता ( चित्रकूट )**
समन्वयक ( भवन )

## शिक्षक दिवस पर शिक्षकगण का किया सम्मान



लाहोटी सभागार में 4 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाकर विद्यालय के मानद् सचिव श्री वैभव सोमानी एवं निवर्तमान भवनमंत्री श्री द्वारका दास नोवाल ने विद्यालय के प्राचार्य, उप प्राचार्य तथा समस्त शिक्षकगण का सम्मान किया और शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ दीं। मानद् सचिव ने भारतीय दार्शनिक, शिक्षाविद्, भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पहार पहनाया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा शिक्षकगण का तिलक वंदन कर अभिनंदन किया गया। इसी के साथ 5 सितंबर 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर ECMS ने तक्षशिला सभागार में भव्य समारोह का आयोजन कर शिक्षकगण का सम्मान किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. अरुणेश सक्सेना को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. समित शर्मा (IAS), विशिष्ट अतिथि डॉ. दीपक माहेश्वरी (प्राचार्य, SMS मेडिकल कॉलेज) एवं ECMS के पदाधिकारियों द्वारा श्रीफल, शॉल और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया।



## विद्यालय प्रबंध समिति का हुआ गठन, पदाधिकारियों ने ग्रहण किया पदभार



ECMS द्वारा विद्यालय के लिए त्रैवार्षिक (2025-2028) नई प्रबंध समिति का गठन किया गया। नवगठित प्रबंध समिति में श्री उमेश सोनी (चेयरमैन), श्री निर्मल दरगड़ (वाइस चेयरमैन), श्री कमल सोमानी (महासचिव शिक्षा), श्री वैभव सोमानी (मानद् सचिव), श्री अरुण कुमार मालू (कोषाध्यक्ष), श्री अजय नोवाल (भवनमंत्री), श्री अनुज मूँदड़ा, श्री अमित छापरवाल, श्री गौरव पेडीवाल, श्री गोविन्द काबरा, श्री प्रकाश मालानी, श्री सत्यनारायण भंडारी, श्रीमती स्नेहलता भाला, श्री विजय लाखोटिया, डॉ. अरुण अग्रवाल, श्री अजय डाटा (प्रबंध समिति सदस्य), डॉ. अरुणेश सक्सेना (प्राचार्य), श्री विजय कुमार शर्मा (विद्यालय स्टाफ प्रतिनिधि), श्री मुकेश कुमार शर्मा (अभिभावक प्रतिनिधि), श्री विनोद कुमार बापना (पूर्व छात्र प्रतिनिधि) ने कार्यभार ग्रहण किया।

## ताइक्वांडो जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय गौरवान्वित

14 से 17 सितंबर को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, झरना, दूदू में आयोजित ताइक्वांडो जिला स्तरीय चैंपियनशिप में विद्यालय की कक्षा 12A2 के रुद्र जांगिड़ ने अंडर-19 आयु वर्ग के 51 किग्रा वर्ग में, कक्षा 12A4 के हिमांशु पाराशर ने अंडर-19 के 55 किग्रा वर्ग में तथा कक्षा 10A2 के मनीष सूर्यवंशी ने अंडर-17 के 73 किग्रा वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीते।



## जिला स्तरीय स्वर्ण पदक से राज्य स्तर की ओर



विद्यालय की कक्षा 8A2 के विद्यार्थी शौर्य वर्मा ने 69वीं जिला स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SGFI) द्वारा आयोजित की गई। कोटा में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर शौर्य वर्मा ने विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

mps Sanskriti® Pre Primary School

## फूड प्लेट, कुकिंग एक्शन्स तथा कुकिंग विदाउट फायर एक्टिविटी



लेवल 2 के बच्चों ने 4 सितंबर को फूड प्लेट गतिविधि में भाग लिया तथा 8 सितंबर को विभिन्न कुकिंग एक्शन्स जैसे- फल-सब्जी छीलना, उन्हें प्लेट में डालना, फेंटना, काटना और उबालना आदि सीखे। इस दौरान उन्हें संतुलित आहार के महत्त्व और खाना बनाने की बुनियादी प्रक्रियाओं से परिचित करवाया गया। इसी के साथ 17 सितंबर को बच्चों ने उत्साहपूर्वक नींबू पानी बनाना सीखा। इस प्रक्रिया से उन्होंने स्वच्छता, माप और मिश्रण के महत्त्व को समझा तथा अपने हाथों से बनाए नींबू पानी का आनंद लिया।

## हिंदी दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताएँ आयोजित



हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में 11 सितंबर को छंद पाठ प्रतियोगिता तथा 15 सितंबर को कहानी प्रतियोगिता आयोजित हुई। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशक्ति, भाषा कौशल और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया, जिससे हिंदी भाषा के प्रति उनके प्रेम और साहित्यिक रुचि को प्रोत्साहन मिला।



## उत्साह से मनाया 'ग्रैंडपैरेंट्स डे'



13 सितंबर को विद्यालय प्रांगण में ग्रैंडपैरेंट्स डे बड़े उत्साह से मनाया गया। 'रोल रिवर्सल' थीम पर दादा-दादी बच्चों की तरह और बच्चे दादा-दादी के रूप में नजर आए। इस अवसर पर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं, गीत-संगीत कार्यक्रम और पौधारोपण ने इस दिन को और भी यादगार बना दिया।

## संस्कृति, अनुभव व उत्सव का समन्वय



वहीं दूसरी ओर 17 से 19 सितंबर को नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सुपरमार्केट के भ्रमण के अनुभव द्वारा फल-सब्ज़ी की पहचान, नए शब्द, सामाजिक व्यवहार और अनुशासन सीखने के साथ-साथ इंद्रियों के विकास का अवसर प्राप्त किया।इसी के साथ नन्हें विद्यार्थियों ने 29 सितंबर को दशहरा उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दिन बच्चों ने भगवान श्री राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की झाँकी प्रस्तुत की तथा रावण दहन के माध्यम से अच्छाई की बुराई पर विजय का संदेश दिया।



## विद्यालय की नवगठित प्रबंध समिति (2025–28) का गरिमामय स्वागत एवं कार्यभार ग्रहण



दिनांक 30 सितंबर का दिन नवोदय व एक गरिमामय नए अध्याय के शुभारंभ का दिवस रहा, जब निवर्तमान प्रबंध समिति के मानद सचिव सीए अमित गट्टानी, भवनमंत्री श्री सुमित काबरा व सदस्या श्रीमती अरुणा गगरानी तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रीता भार्गव और वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा नवगठित विद्यालय प्रबंध समिति ( 2025-28 ) के चेयरमैन श्री उमेश सोनी, वाइस चेयरमैन श्री निर्मल दरगड़, महासचिव शिक्षा श्री कमल सोमानी, कोषाध्यक्ष श्री अरुण कुमार मालू, मानद सचिव सी ए संजय बांगड़, भवनमंत्री श्री प्रवीण लढ्ढा और विद्यालय प्रबंध समिति के माननीय सदस्य श्री सुनील अजमेरा, श्री हेमन्त माहेश्वरी, श्री कपूर चंद तोतला, श्रीमती मोनिका पटवारी ( माहेश्वरी ), श्रीमती प्रियंका ( डिंपल ) गगरानी, श्री राजकुमार, श्रीमती संगीता मूंदड़ा, श्री योगेश मंधाना ( माहेश्वरी ), श्री हरीश शर्मा, सी.ए. शिव शंकर गुप्ता व अभिभावक प्रतिनिधि श्री के. प्रतीक, छात्र प्रतिनिधि सी ए सचिन जैन आदि का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर एक सादे परंतु प्रभावशाली कार्यक्रम के माध्यम से नई समिति को विधिवत रूप से कार्यभार सौंपा गया। समिति के सभी गणमान्य पदाधिकारियों का भारतीय पावन परंपरा के अनुरूप स्वागत-सत्कार व सम्मान किया गया।













नवगठित प्रबंध समिति के चेयरमैन श्री उमेश सोनी ने सभी के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि समिति सभी के हितों का ध्यान रखते हुए विद्यालय की प्रगति हेतु पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेगी। वाइस चेयरमैन श्री निर्मल दरगड़ ने नवाचारों के साथ कार्य करते हुए विद्यालय के चहुँमुखी विकास की राह पर अनवरत गतिरत रहने का संकल्प दोहराया। विद्यालय के मानद सचिव सी ए संजय बांगड़ ने कहा कि हमारी प्रबंध समिति विद्यालय के स्वर्णिम इतिहास के अध्यायों व पूर्वानुभवों के साथ अग्रसर होते हुए संस्था के विकास में कई नए अध्याय जोड़ने हेतु कटिबद्ध है जिसमें सभी शिक्षकों का यथायोग्य सहयोग, त्याग व समर्पण अपेक्षित है। निवर्तमान प्रबंध समिति ने अपने कार्यकाल के अनुभव साझा किए और नवगठित समिति को सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दीं।

## विज्ञान विभाग की वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती नीरू सिंह की सेवानिवृत्ति

दिनांक 30 सितंबर को विद्यालय के तक्षशिला सभागार में विज्ञान विभाग की वरिष्ठ अध्यापिका श्रीमती नीरू सिंह की सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ई सी एम एस के अध्यक्ष श्री उमेश सोनी, उपाध्यक्ष ( शिक्षा ) श्री निर्मल दरगड़, विद्यालय के मानद सचिव सी ए संजय बांगड़, भवनमंत्री श्री प्रवीण लढ्ढा, निवर्तमान मानद सचिव श्री अमित गट्टानी, प्रधानाचार्या रीता भार्गव व अध्यापिका श्रीमती नीरू सिंह आदि मंचासीन थे तथा इनके साथ ही विद्यालय प्रबंध समिति के समस्त अन्य गणमान्य सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति से सभागार सुशोभित रहा। विद्यालय की परंपरा के अनुसार प्रबंध समिति और प्रधानाचार्या ने अध्यापिका श्रीमती नीरू सिंह का स्वागत-सत्कार किया व उन्हें उपहार भेंट किये तथा भावी उज्ज्वल जीवन की शुभकामनाएँ दीं।



# माहेश्वरी गर्ल्स सी. सैकण्डरी स्कूल, चौड़ा रास्ता ✆2314646, 2313072

## शपथ ग्रहण व पुरस्कार वितरण समारोह



2 सितम्बर को विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नव निर्वाचित छात्रा परिषदों, सदनों का शपथ ग्रहण समारोह तथा सत्र 2024-25 में कक्षा-10 वीं व 12 वीं में बोर्ड परीक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर अतिथि के रूप में श्रीमती संगीता जी मूँदड़ा, श्रीमती सपना जी मालपानी, विद्यालय के मानद् सचिव श्री प्रकाश जी बिड़ला ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। पुष्प स्वागत के पश्चात विभिन्न पदों के पदाधिकारी कदमताल करते हुए कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित हुए। विद्यालय की हैड गर्ल वैष्णवी घीया, डेप्युटी हैड गर्ल ऐश्वर्या बृजावत को चुना गया। अतिथिगण ने Bedge, Sash पहनाकर पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह पद शक्ति का नहीं बल्कि जिम्मेदारी का प्रतीक है। मानद् सचिव महोदय ने अपने उद्बोधन में छात्राओं का उत्साहवर्धन किया तथा साथ ही अनुशासन, कर्त्तव्यनिष्ठा, नेतृत्व जैसे गुणों का महत्व बताते हुए नैतिक मूल्यों की सीख दी। विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य श्री पवन माहेश्वरी ने अपने आशीर्वचन में सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए जीवन लक्ष्य निर्धारित करते हुए कर्मपथ पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत गायन व नृत्य का आयोजन हुआ।

इसी क्रम में सत्र 2024-25 में बोर्ड कक्षाओं 10 वीं व 12 वीं में 90% से अधिक अंक लाने वाली छात्राओं को सम्मानित करते हुए प्रमाण-पत्र व ट्रॉफी दी गई। पधारे हुए अतिथियों को यादगार स्वरूप स्मृति चिह्न भेंट करते हुए उपप्राचार्य श्री प्रमोद जाजू ने कार्यक्रम में पधारे अतिथिगण का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान

4 सितम्बर को विद्यालय परिसर में शिक्षकों के सम्मान में शिक्षक दिवस कार्यक्रम विद्यालय की कक्षा 12 की छात्राओं द्वारा संचालित कर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय के मैत्रेयी सभागार में स्वागत करते हुए छात्राओं ने सभी गुरुजन को तिलक लगाकर हस्तनिर्मित पुष्पगुच्छ उपहार स्वरूप प्रदान कर आशीर्वाद लिया। शिक्षकों के सम्मान में बालिकाओं ने कविता पाठ, नृत्य, नाटक, प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम संपादित किए। विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य श्री पवन माहेश्वरी ने अपने उद्बोधन में शिक्षकों के शैक्षणिक व सहशैक्षणिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए शिक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। अंत में उपप्राचार्य श्री प्रमोद जाजू ने भी शिक्षक दिवस का महत्व बताते हुए शिक्षक दिवस की बधाई दी।

## अन्तः सदन प्रतियोगिताएँ

✦ **मोनो एक्टिंग प्रतियोगिता-** अन्तः सदनात्मक प्रतियोगिता के अन्तर्गत कक्षा 6 से 10 तक की छात्राओं के लिए मोनो एक्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में अलग-अलग विषयों पर छात्राओं ने अभिनय प्रस्तुत किया। कुछ छात्राओं ने हास्य दृश्य प्रस्तुत कर सभी को हँसाया, कुछ ने प्रेरणादायक विषयों पर अभिनय से सोचने पर मजबूर किया। संवाद, हाव-भाव, अभिव्यक्ति, वेशभूषा का सुंदर समन्वय कर छात्राओं ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

✦ **पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता-** 26 सितम्बर को कक्षा 11 व 12 के लिए 'कलर्स ऑफ ड्रीम' विषयाधारित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने अपनी कल्पनाशीलता और रचनात्मकताओं को रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

## विद्यालय में कन्या पूजन कार्यक्रम

26 सितम्बर को MBV old student association द्वारा नवरात्रि के शुभावसर पर कन्या पूजन का भव्य आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक प्राचार्य श्री पवन माहेश्वरी ने माता रानी की पूजा एवं आरती से किया। विद्यालयी छात्राओं ने भजन और मंत्रों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम संयोजिका एवं मैनेजमेंट सदस्याओं ने नवदुर्गा स्वरूपों की जानकारी देते हुए कन्याओं का पूजन किया तथा तिलक लगाकर भेंट और प्रसाद वितरित किया।

## विद्यालय में निवनिर्वाचित कार्यकारिणी का पदभार ग्रहण



26 सितम्बर को सत्र 2025-28 हेतु विद्यालय की नव निर्वाचित कार्यकारिणी ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विद्यालय मानद् सचिव एडवोकेट द्वारकादास जी मालू, भवन मंत्री श्री हरिकिशन जी बाहेती व MMC मेम्बर्स का विद्यालय में स्वागत किया गया। सचिव महोदय ने अपने उद्बोधन में परस्पर सहयोग की अपेक्षा रखते हुए विद्यालय विकास के लिए संकल्प व्यक्त किया।

## विशेष उपलब्धियाँ

✦ 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब द्वारा विद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य एवं वाणिज्य विषय के अध्यापक श्री पवन माहेश्वरी को बेस्ट टीचर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी उत्कृष्ट शिक्षण शैली, समर्पण और विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण हेतु किए गए प्रयासों का प्रतीक है।

✦ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झरना, दूदू में आयोजित 69 वीं जिला स्तरीय ताइक्वांडों प्रतियोगिता में U-19 वर्ग में विद्यालय की छात्रा हिताशी नागपाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर ब्रोंज मैडल प्राप्त किया। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

दी एज्यूकेशन कमेटी ऑव् दी माहेश्वरी समाज (सोसायटी), जयपुर

# माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल, विद्याधर नगर ✆ 2236571, 2236588

## विद्यालय प्रबंधन समिति का हुआ गठन



चुनाव अधिकारी श्री महेश साबू की उपस्थिति में विद्यालय के लिए त्रैवार्षिक ( सत्र 2025-2028 ) नई प्रबंध समिति का गठन किया गया। नवगठित प्रबंध समिति में श्री उमेश सोनी ( चेयरमैन ), श्री निर्मल दरगड़ ( वाइस चेयरमैन ), श्री कमल सोमानी ( महासचिव शिक्षा ), श्री आशीष जाखोटिया ( मानद् सचिव ), श्री अरुण कुमार मालू ( कोषाध्यक्ष ), श्री दामोदर फलोड़ ( भवनमंत्री ) ने कार्यभार ग्रहण किया। समिति के सदस्यों में सर्वश्री सत्यनारायण सारड़ा, राकेश सारड़ा, जितेन्द्र फलोड़, संदीप लढ्ढा, श्रीमती सुमित्रा काबरा, श्रीमती नुपुर सोनी, कौशल सोनी, गोविन्द राठी, अंकित रमन ( अति. सचिव विधि ), पवनसुत शर्मा (IES), विद्या विजय काला, श्रीमती मोना पोद्दार ( पूर्व विद्यार्थी ), शिक्षक प्रतिनिधि श्री आशीष तापोड़ी एवं कार्यवाहक प्रधानाचार्य श्री विवेक भार्गव को सम्मिलित किया गया।

## विज्ञान प्रतियोगिता में जीता पदक

संेट जेवियर स्कूल में आयोजित इंटर स्कूल साइंस प्रतियोगिता में विद्यालय की प्रतिभावान दो छात्राओं, कनिष्का सैन व दिव्या अग्रवाल ने फर्स्ट रनर ट्रॉफी प्राप्त की।

## खेलों की दुनिया के बने बादशाह

विद्यालय की प्रतिभावान छात्राओं ने खेल की विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों को हासिल किया।

नीरजा मोदी स्कूल में आयोजित NMS कप 2024-2025 में बास्केटबॉल प्रतियोगिता में सब जूनियर श्रेणी में विद्यालय की टीम ने रजत पदक हासिल किया।



69 डिस्ट्रिक्ट एजुकेशन टूर्नामेंट की प्रतियोगिताओं में विद्यालय की टीम ने पदक हासिल किए। वो इस प्रकार हैं-

- 1-U-17 बालिका वर्ग में खो-खो प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान
- 2-U-17 वॉलीबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक
- 3-U-17 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रजत पदक



- 4-U-17 हैंडबॉल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक



## योगासन प्रतियोगिताओं में जीते पदक

69 डिस्ट्रिक्ट योगासन प्रतियोगिताओं में विद्यालय की छात्राओं ने अपनी क्षमता से सभी को अचंभित कर दिया। U-17 बालिका वर्ग में आर्टिस्टिक पेयर प्रतियोगिता में समृद्धि तिवारी व अवनी की जोड़ी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

राइथेमिक इवेंट में U-17 श्रेणी में प्रियांशी शर्मा व दुशाला सिंह की जोड़ी ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

व्यक्तिगत योगासन की प्रतियोगिताओं में अवनी शर्मा ने स्वर्ण व रजत पदक, हर्षिता वर्मा व दिव्यांशी योगी ने आर्टिस्टिक पेयर के रूप में रजत पदक और राइथेमिक इवेंट में लक्षिता चौहान व देवांशी सोमानी ने रजत पदक हासिल किया।

## शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों ने दिखाया भावनाओं से सम्मान



पाँच सितम्बर शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में उसकी पूर्व संध्या पर विद्यालय की छात्राओं ने अध्यापकवृंद के लिए एक रंगारंग,सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसके माध्यम से उन्होंने शिक्षकों के प्रति अपने भाव, अपने सम्मान और आदर को प्रस्तुत किया। अपनी थीम में उन्होंने बदलते परिवेश में शिक्षकों का स्थान लेने की कोशिश करने वाले AI और वास्तविक शिक्षक के बीच के अंतर को दिखाते हुए वास्तविक शिक्षक के महत्व को उजागर किया। शिक्षकों के मनोरंजन हेतु विभिन्न खेलों और प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के मानद सचिव श्री घनश्याम जी कचौलिया, भवन मंत्री श्री आशीष जी जाखोटिया व विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## अध्यापिका को मिला सम्मान



शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय की अध्यापिका अनुभा मैसी को रोटरी क्लब के द्वारा उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

## 25 वर्षों की सेवा के पश्चात हुईं सेवानिवृत्त



विद्यालय की संस्कृत अध्यापिका डॉ. ममता माहेश्वरी ने विद्यालय में 25 वर्षों की सेवा के पश्चात 29 सितम्बर को सेवा निवृत्ति प्राप्त की। सेवानिवृति का यह कार्यक्रम एक तरफ जहाँ भावनाओं से भरा हुआ था वहीं दूसरी तरफ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी थी। इस अवसर पर डॉ. ममता जी के परिजन उपस्थिति रहे,वहीं महासचिव शिक्षा श्री कमल सोमानी, विद्यालय के मानद सचिव श्री आशीष जी जाखोटिया व अन्य गणमान्य सदस्यगण उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में सभी ने उनके कोमल मधुर और संयमित व्यवहार की प्रशंसा की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## माहेश्वरी शिक्षा समिति द्वारा किया गया शिक्षकों का सम्मान





दी एजुकेशन कमेटी ऑव् द माहेश्वरी समाज, जयपुर द्वारा संचालित शिक्षण संस्थानों के शिक्षकों के सम्मान में एमपीएस, जवाहर नगर के तक्षशिला सभागार में 5 सितम्बर, 2025 को शिक्षक दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ हुआ। शिक्षा समिति के सदस्यों द्वारा शिक्षकों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पशुपालन, मत्स्य एवं गोपालन विभाग, राजस्थान सरकार के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. दीपक माहेश्वरी उपस्थित रहे। ईसीएमएस के अध्यक्ष श्री उमेश सोनी, उपाध्यक्ष श्री निर्मल दरगड़, महासचिव शिक्षा श्री कमल सोमानी, कोषाध्यक्ष श्री अरुण कुमार मालू व महामंत्री समाज सीए. रोहित जी परवाल द्वारा आगन्तुक अतिथिगण का स्वागत किया गया। ईसीएमएस के अध्यक्ष श्री उमेश सोनी द्वारा अतिथिगण के प्रति स्वागत उद्गार व्यक्त किए गए।

